दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 299
कोटद्वार बुधवार
8 मार्च 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये




**समस्त देशवासियों, सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं को दैनिक जयन्त की ओर से होली की हार्दिक शुभकामनायें**

**-सम्पादक**

## सूचना

होली के अवसर पर दैनिक जयन्त के कार्यालय में अवकाश रहेगा। दैनिक जयन्त का अगला अंक 10 मार्च 2023 को प्रकाशित होगा। **-प्रबंधक**

# आपके पास एक ऐसी सरकार है जो लगातार साहसपूर्ण निर्णय कर रही है: पीएम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वित्तीय क्षेत्र पर बजट के बाद के वेबिनार को संबोधित कर रहे है। इससे पहले पीएम मोदी ने 6 मार्च को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से स्वास्थ्य और आयुर्विज्ञान अनुसंधान पर केंद्रित बजट-बाद (पोस्ट बजट) वेबिनार को संबोधित किया था।

पीएम मोदी ने कहा कि अमृत काल बजट भारत के विकास के लिए एक सर्व समावेशी वित्तीय क्षेत्र का रोडमैप पेश करता है। उन्होंने कहा कि जो बैंकिंग व्यवस्था 8-10 साल पहले डूबने की कगार पर थी वो अब लाभ में आ गई है। आज आपके पास एक ऐसी सरकार है जो लगातार साहसपूर्ण निर्णय कर रही है, नीतिगत निर्णयों में बहुत ही स्पष्टता , आत्मविश्वास और कनविक्शन है। इसलिए आपको भी आगे बढ़ कर काम करना ही चाहिए।

वेबिनार को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एक समय था, जब भारत में आस्था का घोर अभाव था। लेकिन अब जब भारत ने वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और समावेशी दृष्टिकोण को अपनाया है, तो एक बड़ा परिवर्तन हुआ है। आज भारत को विश्व अर्थव्यवस्थाओं का चमकदार स्थान कहा जाता है। साथ ही, जी-20 प्रेसीडेंसी से विभूषित होना उनके लिए बड़े सम्मान की बात है। पीएम ने कहा कि 2021-22 में भारत सबसे बड़ा एफडीआई डेस्टिनेशन रहा है।

वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पीएम मोदी ने बताया कि आज समय की मांग है की भारत की बैंकिंग सिस्टम में आई मजबूती का लाभ ज्यादा से ज्यादा आखिरी छोर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जैसे हमने एमएसएमई को सपोर्ट किया वैसे ही भारत के बैंकिंग सिस्टम को ज्यादा से ज्यादा सेक्टर्स का समर्थन करना होगा। भारत फाइनेंशियल डिसिप्लिन, ट्रांसपेरेंसी और इंक्लूसिव अप्रोच को लेकर चल रहा है तो एक बड़ा बदलाव भी हम देख रहे हैं। फाइनेंशियल इंक्लूजन से जुड़ी सरकार की नीतियों ने करोड़ों लोगों को फोर्मल फाइनेंशियल सिस्टम का हिस्सा बना दिया है।

पीएम मोदी ने कहा कि वोकल फर लोकल और आत्मनिर्भरता यह हमारे लिए पसंद का मुद्दा नहीं है। यह भविष्य को प्रभावित करने वाला मुद्दा है। वोकल फर लोकल और आत्मनिर्भरता का विजन एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। सभी हितधारकों को ऋण की लागत को कम करने, ऋण की गति को बढ़ाने और पूरी प्रक्रिया की री-इंजीनियरिंग के माध्यम से छोटे उद्यमियों तक कुशलतापूर्वक पहुंचने की दिशा में काम करना चाहिए।

पीएम मोदी ने कहा कि पीएम गतिशक्ति की वजह से प्रोजेक्ट की प्लानिंग और उसे लागू करने में अभूतपूर्व तेजी आ गई है। हमें अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों और इकोनमिक सेक्टर की प्रगति के लिए काम करने वाले प्राइवेट सेक्टर को भी ज्यादा से ज्यादा सपोर्ट करना होगा। उन्होंने प्राइवेट सेक्टर से आग्रह करते हुए कहा कि इस सेक्टर को देश में अधिक से अधिक निवेश करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक विकास सुनिश्चित हो सके।

भारत में टैक्स रेट को लेकर पीएम मोदी बोले, एक समय तो हर तरफ यही बात छाई रहती थी कि भारत में टैक्स रेट कितना ज्यादा है।आज स्थिति बिल्कुल अलग है। जीएसटी की वजह से, इनकम टैक्स कम होने की वजह से, कर्पोरेट टैक्स कम होने की वजह से भारत में टैक्स बहुत कम हुआ है, वो बोझ नागरिकों पर बहुत कम होता जा रहा है।

2013-14 के दौरान हमारा ग्रस टैक्स रेवेन्यू करीब 11 लाख करोड़ था, 2023-24 के अनुमानों के मुताबिक हतवे जं तमअमदनम अब 33 लाख करोड़ से ज्यादा का हो सकता है। यानी भारत टैक्स रेट कम कर रहा है बावजूद इसके कलेक्शन बढ़ रहा है।

## आसान हुई यात्रा...नए आस्था पथ से गुजरेंगे तीर्थयात्री, केदारनाथ आपदा में तबाह हो गया था रास्ता



**गोपेश्वर ।** इस बार हेमकुंड साहिब की तीर्थयात्रा आसान हो गई है। भ्यूंडार में हेम गंगा पर निर्मित 135 मीटर लंबे स्टील गार्डर पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद पुल से आवाजाही भी शुरू हो गई है। यात्रा के दौरान इस बार तीर्थयात्री इसी पुल से आवाजाही करेंगे। इसके साथ ही 13 किलोमीटर पैदल मार्ग का सुधारीकरण कार्य भी पूरा हो गया है।

वर्ष 2013 की जलप्रलय के दौरान हेम गंगा में बाढ़ आने से यात्रा का पैदल पुल बह गया था। तब से हेमकुंड साहिब तक जाने के लिए तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को हेम गंगा के किनारे से जान जोखिम में डालकर लकड़ी के पुल से आवाजाही करनी पड़ रही थी।

वर्ष 2014 में रुफ एंड ब्रिज कंपनी को यहां 135 मीटर लंबे स्टील गार्डर पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया। शासन ने इसके लिए 20.73 करोड़ स्वीत किए। वर्ष 2021 में पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ, लेकिन एप्रोच रोड का निर्माण नहीं हो पाया।

इस वर्ष लोक निर्माण विभाग ने यहां करीब 500 मीटर एप्रोच रोड का निर्माण कार्य पूर्ण कर पुल को मुख्य मार्ग से जोड़ लिया है। गोविंदघाट गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि भ्यूंडार में पुल तक एप्रोच रोड बनने से इस बार तीर्थयात्रा का संचालन इसी पुल से होगा।

लोनिवि के ईई सुरेंद्र सिंह पटवाल ने बताया कि हेमकुंड साहिब मार्ग पर भ्यूंडार, पुलना, घांघरिया व अन्य स्थानों में पैदल रास्ते का सुधारीकरण, रेलिंग और पार्किंग स्थल का निर्माण कार्य कर लिया गया है।

बिता दें कि हेमकुंड साहिब में इन दिनों भारी बर्फ जमा है। हेमकुंड साहिब का प्रमुख पड़ाव घांघरिया भी इन दिनों बर्फ से पूरी तरह ढका हुआ है। घांघरिया में भी आस्था पथ पर बर्फ जमी है। टीम यात्रा शुरू होने से पहले बर्फ हटाने में जुटी है।

# मुख्यमंत्री आवास में आयोजित हुआ होली मिलन कार्यक्रम





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा होली के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, मीडिया तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों तथा अधिकारियों ने भागीदारी कर मुख्यमंत्री को होली की बधाई दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आत्मीयता के साथ सभी से मिले तथा होली की शुभकामना दी। मुख्यमंत्री ने उमंग और आपसी सौहार्द के पर्व को आपसी सद्भाव तथा भाईचारे के साथ मनाने की सभी से अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति आपसी भाईचारे का संदेश देती है।

होली के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख शांति एवं समृद्धि के साथ खुशहाल जीवन की भी कामना की।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में खेली भस्म होली

**उत्तरकाशी।** उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर मंगलवार को होली के पावन पर्व पर काशी विश्वनाथ मंदिर में भस्म की होली खेली गई। जिसमें होल्यारों ने एक दूसरे पर भस्म लगाई और भोलेनाथ से अपनी कुशलता की कामना करते हुए एक दूसरे को होली की बधाई दी। मंगलवार को होली के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। यहां विश्वनाथ की विशेष पूजा-अर्चना के बाद भस्म से होली खेली गई और श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने किया। उन्होंने सभी होत्यारों को होली की शुभकामनाऐं दी और सुरक्षित होली खेलने की अपील की। इस मौके पर मंदिर के महंत जयेन्द्र पुरी, अजय पुरी, हरीश डंगवाल, ष्णानंद बिजल्वाण, रमेश चौहान, महेश गंगाड़ी,अशेक सेमवाल, संजय पंवार, मोहन डबराल, महावीर नेगी, किरण पंवार आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

## मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट 9 अप्रैल को खुलेंगे

**उत्तरकाशी।** विश्व प्रसिद्ध डोडीताल स्थित प्राचीन मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट 9 अप्रैल को गणेश चतुर्दशी के शुभ अवसर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। नागदेवता अगोड़ा की अनुमति के बाद यह निर्णय लिया गया है। कपाटोद्घाटन की तैयारियों को लेकर डोडीताल पर्यटन विकास समिति की ओर से 10 मार्च को ग्राम पंचायत अगोड़ा में एक बैठक बुलाई गई है।

भगवान गणेश की जन्मस्थली माने जाने वाले डोडीताल में मां अन्नपूर्णा का प्राचीन मंदिर स्थित है। जहां प्रत्येक वर्ष सैकड़ों की संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक तथा श्रद्धालु डोडीताल पहुंचते हैं। शीतकाल में यह पूरा क्षेत्र बर्फ से ढक जाने के कारण सर्दियों में मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं, जबकि गर्मियां शुरू होने पर वैदिक पंचांग के अनुसार नागराज देवता की अनुमति के बाद इस मंदिर के कपाटोद्घाटन किया जाता है। डोडीताल पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष कमल सिंह रावत ने बताया कि नाग देवता अगोड़ा की अनुमति से इस बार 09 अप्रैल को मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट खोले जाने हैं। 08 अप्रैल को ग्रामीण देव डोलियों के साथ अगोड़ा से डोडीताल के लिए रवाना होंगे।

## अजनाला हिंसा के बाद एक्शन में पंजाब पुलिस, रद्द होंगे कट्टरपंथी अमृतपाल के समर्थकों के लाइसेंस

**अमृतसर (पंजाब),** एजेंसी। अजनाला कांड के बाद पंजाब पुलिस एक्शन में उतर आई है। वारिस पंजाब के जत्थेदार अमृतपाल सिंह के नौ साथियों के लाइसेंस रद्द करने की तैयारी कर ली है। पुलिस यह कार्रवाई 20 मार्च 2023 के बाद कर सकती है। असल में पंजाब सरकार अमृतसर में होने वाली जी - 20 बैठक तक किसी भी तरह की कोई सख्त कार्रवाई नहीं करना चाहती है। 15 मार्च से लेकर 17 मार्च तक शिक्षा विषय पर और 19 और 20 मार्च को लेबर विषय पर जी-20 की कांफ्रेंस होने जा रही है।

जानकारी के मुताबिक अमृतपाल सिंह के नौ समर्थकों में अमृतसर का हरजीत सिंह, बलजिंदर सिंह, तरनतारन का वरिंदर सिंह और अमृतपाल सिंह, कोटकपूरा का राम सिंह बराड़, मोगा का गुरमीत सिंह, संगरूर का अवतार सिंह, पटियाला का हरप्रीत देवगन और फरीदकोट के गुरभेज सिंह के खिलाफ यह कार्रवाई की जाएंगी। अमृतपाल सिंह के एक अन्य समर्थक तलविंदर सिंह निवासी तरनतारन का लाइसेंस जम्मू-कश्मीर से बना है।

# ऐसा सबक सिखाएं कि भूमाफिया कांप जाएं: अखिलेश



**गोरखपुर, एजेंसी।** भू-माफिया को लेकर सरकार का विजन साफ है। इसे लेकर वह जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है। ऐसे में जमीन पर कब्जे की शिकायत मिलते ही संबंधित भू-माफिया को ऐसा सबक सिखाएं कि वो कांप जाएं और आगे ऐसा करने की हिम्मत न जुटा पाएं।

मंगलवार को जनता दर्शन में जब भू-माफिया को लेकर कई शिकायतें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने आईं तो उन्होंने अधिकारियों को ये निर्देश दिया। कहा कि ऐसे मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ सभागार में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने 500 लोगों की समस्या सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया।

जमीन के आपसी विवाद के कई मामले आने पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वह दोनों पक्ष को आमने-सामने बैठाकर मामले का समाधान निकालें। विधिक कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। एक-एक व्यक्ति के पास मुख्यमंत्री खुद गए और ध्यानपूर्वक उनकी समस्या सुनी।

प्रार्थनापत्र लेकर अधिकारियों को सौंपा और जल्द से जल्द जरूरी कार्यवाही का निर्देश दिया। दूसरे जिलों की शिकायतें को उन जिलों के अफसरों को भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, आइजी जे. रवींदर गौड़, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर आदि मौजूद रहे। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में राजस्व से जुड़ी समस्याओं के सामने आने पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वह इसका निस्तारण हर हाल में तहसील स्तर पर सुनिश्चित करें। जरूरत पड़ने पर पुलिस बल का भी साथ लें। इसके लिए तब तक प्रयास करें, जब तक दोनों पक्ष संतुष्ट न हो जाएं। मंगलवार के जनता दर्शन में एक बार फिर दर्जन भर से अधिक लोग इलाज में आर्थिक मदद की उम्मीद लेकर पहुंचे थे। सभी को मदद का भरोसा दिलाते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह एस्टीमेट मंगाकर मदद की कागजी औपचारिकता को शीघ्र पूरा कर-एं और उसे प्राथमिकता के आधार पर शासन को भेजना सुनिश्चित करें, जिससे मदद की धनराशि जारी की जा सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बाल प्रेम जनता दर्शन में एक बार फिर झलका। शिकायत लेकर कई महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने समस्या सुनने के साथ-साथ उन बच्चों को दुलारा और उपहार के रूप में चाकलेट दिया। एक बच्चे को जब मुख्यमंत्री ने दुलारा तो वह इतना खुश हो गया कि मुख्यमंत्री के साथ खेलने लगा। फिर तो मुख्यमंत्री भी उसके संग खेलने लगे। यह लगभग एक से डेढ़ मिनट चला।

## पति के घर से बाहर जाने पर पत्नी ने की आत्महत्या

**रुड़की।** पति की गैरमौजूद्गी में पत्नी ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में पंखे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत से मायके और ससुराल पक्ष में हड़कंप मचा है। आत्महत्या के कारणों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मिर्जापुर जिला सहारनपुर निवासी मेहराज (35) का विवाह रुड़की कोतवाली के बंघेड़ी महावतपुर गांव निवासी सलीम अब्बास से 2016 में निकाह हुआ था।

मेहराज के दो बच्चे थे। मंगलवार सुबह सलीम ने मेहराज को बताया कि वह नाई की दुकान पर जा रहा है। यह बात कहकर सलीम घर से बाहर निकला। इस बीच पति की गैरमौजूद्गी में पत्नी ने कमरे में लगे पंखे से फंदा लगाया और आत्महत्या कर ली। पति के घर आने पर इसकी जानकारी मिली।

# ढाका की सात मंजिला इमारत में विस्फोट, 14 की मौत, 100 से ज्यादा घायल

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मंगलवार को एक सात मंजिला इमारत में भीषण विस्फोट हुआ। इस दौरान अब तक 14 लोगों को मौत हो गई है। 100 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, शाम करीब 4:50 बजे (स्थानीय समयानुसार) विस्फोट हुआ। सूचना मिलते ही पांच दमकल इकाइयों को मौके पर भेजा गया।



विस्फोट के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।

डीएमसीएच पुलिस चौकी के इंस्पेक्टर बच्चू मिया ने बताया कि घायलों को ढाका मेडिकल कलेज अस्पताल ले जाया गया। इन सभी का अस्पताल की आपातकालीन इकाई में इलाज चल रहा है।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इमारत में सैनिटरी उत्पादों के लिए कई स्टोर हैं। बगल की इमारत में बैंक की एक शाखा भी है।

विस्फोट की वजह से बैंक की कांच की दीवारें टूट गईं। सड़क के दूसरी ओर खड़ी एक बस भी क्षतिग्रस्त हुई है।

इससे पहले, शनिवार को बांग्लादेश के चटगांव में एक अक्सीजन संयंत्र में विस्फोट के बाद आग लगने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक अन्य घायल हो गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सीताकुंडा उपजिला के केशबपुर इलाके में शाम करीब साढ़े चार बजे अक्सीजन प्लांट में धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके बाद लोगों ने आग की लपटों को उठते देखा था।

## सामाजिक योगदान के लिए महिलाओं को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : देव भूमि उत्कर्ष सेवा समिति, नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र एवं ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमाजलि समागम समिति की ओर से सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाली तीन महिलाओं को सम्मानित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कमला जोशी, अभा डबराल व सुषमा जखमोला को पशु सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुनीता ममगाईं, अन्नपूर्णा घिल्डियाल, रेखा ध्यानी, डाक्टर चन्द्र मोहन बडथ्वाल, राम भरोसा कंडवाल, रोशन लाल कुकरेती, दिनेश चौधरी, जगत सिंह नेगी, मनमोहन काला, नंदन सिंह नेगी, देवेश्वरी देवी, धर्मवीर नेगी, भारत सिंह रावत ने कविता पाठ किया। इस मौके पर देवेश्वरी बिष्ट, भारत सिंह नेगी, सुंदर लाल जोशी, नंदन सिंह नेगी, प्रणय डबराल, धर्मवीर नेगी दिनेश चौधरी, जगत सिंह नेगी, मनमोहन काला आदि मौजूद रहे।

# होलिका पूजन के बाद किया दहन, खूब उड़े गुलाल

**कोटद्वार** : आठ मार्च को रंगपर्व से पूर्व मंगलवार को होलाष्टक मनाया गया। होलिका दहन से पूर्व महिलाओं ने घरों में पूजन किया व बाद में झंडा चौक पर होलिका दहन स्थल पर पहुंच परिक्रमा की। इसके बाद शाम करीब सात बजे होलीका दहन हुआ। मंगलवार दोपहर से झंडाचौक सहित अन्य होलिका स्थलों पर महिलाओं ने होलिका पूजन शुरू किया व शाम ढलने के साथ ही महिलाओं की तादाद बढ़ती चली गई। इससे पूर्व, महिलाओं ने घरों में होलिका पूजन किया व पूजन सामग्री को लेकर झंडाचौक पर पहुंची। इधर, शाम होते-होते क्षेत्र में दुकानें भी बंद हो गई व मुख्य चौराहों पर युवाओं ने म्यूजिक सिस्टम लगा होली खेलना शुरू कर दिया। देर शाम तक युवा होली के रंग में रंगते रहे।



कोटद्वार के झंडाचौक में होलीका दहन से पूर्व पूजन करती महिलाएं

### यह है महत्व

पौराणिक कथाओं के अनुसार, राक्षसराज हिरण्यकाश्यपु के पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। प्रह्लाद की इस भक्ति से नाखुश पिता ने उन्हें भक्ति मार्ग से हटाने को कई प्रयास किये, लेकिन असफल रहे। अंत में हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को मारने की योजना बनाई व उन्हें अपनी बहन होलिका की गोद में बिठा आग के हवाले कर दिया। होलिका को आग से भस्म न होने का वरदान था, लेकिन भगवान विष्णु ने ऐसी लीला रची कि होलिका भस्म हो गई व भक्त प्रह्लाद आग से सुरक्षित बाहर आ गए।

### पुलिस ने कसी कमर

होली के दिन शांति व्यवस्थाएं बनी रहें इसके लिए पुलिस ने भी तैयारियां पूरी कर ली गई है। संदिग्ध इलाकों में पुलिस की विशेष टीमें तैनात की जा रही हैं। संदिग्ध व्यक्तियों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। वहीं, होली को देखते हुए वार्ड व मुख्य मार्गों पर पुलिस गश्त भी बढ़ा दी गई है।

## कंडी रोड को सेतु भारतम योजना से जोड़ने की मांग

कोटद्वार : नागरिक मंच के पदाधिकारियों ने कंडी रोड को सेतु भारतम योजना से जोड़ने की मांग की है। इस संबध में मंच अध्यक्ष सीपी नैथानी व महासचिव अतुल भट्ट ने केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि रामनगर-कालागढ़-कोटद्वार-लालढ़ांग मोटर मार्ग ब्रिटिश काल से ही कंडी रोड़ के नाम से प्रचलित है। यह सड़क वन अधिनियम लागू होने से पहले ही वन क्षेत्र में बनी हुई है। लेकिन वर्तमान में इस रोड़ का निर्माण कार्य बंद है जिस कारण कोटद्वार स्थित औद्योगिक व्यवसाइयों को दोहरे कराधान से जूझना पड़ रहा है। साथ ही क्षेत्र में गढ़वाल व कुमांऊ को आपस में जोड़ने वाला अन्य मोटर मार्ग भी नहीं है, जिस कारण गढ़वाल से कुमाऊं जाने वाले लोगों को लंबा रास्ता तय कर जाना पड़ रहा है। ज्ञापन में केंद्रीय मंत्री से कंडी रोड़ को सेतु भारतम से जोड़ने और रोड़ का निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ करने की मांग की गई है।

# जीवन को बेहतर तरीके से जीना सिखाता है एनएसएस


कोटद्वार महाविद्यालय में एनएसएस शिविर में भाग लेते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू हो गया है। पहले दिन शिक्षकों ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। कहा कि विद्यार्थियों को एनएसएस शिविर में मिलने वाली जानकारियों को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचानी चाहिए।

आयोजित शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डा. जानकी पंवार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व के विकास के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना आवश्यक है। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को कई नई जानकारियां उपलब्ध होती है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. एसके गुप्ता ने कहा कि स्वयंसेवकों को बढ़ चढ़कर सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करना चाहिए। प्रोफेसर सीमा चौधरी ने कहा कि विद्यार्थियों को शिविर में मिलने वाली जानकारियों को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सेवियों को नशे के प्रति भी जागरूक किया गया। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसके खात्मे के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस मौके पर डा. संजीव कुमार, डा. रोशनी असवाल, भारत सिंह बिष्ट, लीला देवी, जितेंद्र डबराल, कमलेश, दिनेश आदि मौजूद रहे।

# खोजने के बाद भी नहीं मिले यात्री, कई रुटों पर ठप रहा यातायात

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार :** एक दिन पूर्व जहां कोटद्वार बस स्टेशन में वाहनों के लिए मारामारी हो रही थी। वहीं, छोटी के दिन खोजने के बाद भी वाहनों को यात्री नहीं मिले। ऐसे में कई रूटों पर बस व मैक्स

**छोटी होली पर यात्री न होने से बस स्टेशन में पसरा रहा सन्नाटा**

संचालन नहीं हो पाया। पूरे दिन रोडवेज बस अड्डे पर सन्नाटा पसरा हुआ था।

होली की छुट्टी लेने के बाद प्रवासी बड़ी संख्या में पहाड़ पहुंच रहे थे। सोमवार को जहां बस अड्डे में वाहनों के लिए मारामारी मची थी, मंगलवार दोपहर तक पूरे बस अड्डे में सन्नाटा पसर गया था। हालात यह थे कि वाहन चालकों को ढूंढे भी सवारियां नहीं मिल रही थी। रोडवेज ने मैदानी क्षेत्रों की कई सेवाओं को निरस्त कर दिया। यात्रियों की कमी के चलते जीएमओयू ने भी पर्वतीय क्षेत्रों की कुछ सेवाओं को निरस्त किया। दोपहर बाद उत्तर प्रदेश रोडवेज की बसें भी शहर में प्रवेश करते हुए नहीं दिखाई दी। वाहन चालकों ने बताया कि सुबह के समय मैदानी क्षेत्रों के लिए कुछ यात्री मिल गए थे। लेकिन, दोपहर बाद तो पूरी तरह सन्नाटा ही नजर आ रहा था। घंटों आवाज लगाने के बाद भी यात्री नहीं दिखाई दिए।



कोटद्वार के रोडवेज अड्डे में यात्री नहीं होने से पसरा सन्नाटा।

## दो पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रीनगर गढ़वाल** : कोतवाली पुलिस श्रीनगर ने चेकिंग के दौरान एक वाहन में दो पेटी अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोतवाली निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि ग्राम भट्टीसेरा में चेकिंग के दौरान वाहन से दो पेटी (96 पव्वे) अवैध शराब बरामद की गई। इस दौरान वाहन में सवार आरोपी प्रदीप सिंह निवासी नवासु खेड़ाखाल, रुद्रप्रयाग को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि आरोपी शराब को होली पर्व के दौरान आसपास के गांव में बेचने के लिए ले जा रहा था। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा वाहन को सीज कर दिया गया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक अजय भट्ट, कांस्टेबल महेंद्र सिंह, दिनेश चंद्र आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ट योगदान देने पर बीके लक्ष्मी और लक्ष्मी सम्मानित

**श्रीनगर गढ़वाल** : राजकीय मेडिकल कॉलेज में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं पर आधारित जागरूकता नाटकों की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में आध्यात्मिक राजयोग के जरिए महिला सशक्तिकरण की अलख जगाने वाली प्रजापिता बह्माकुमारी ईश्वरीय विवि श्रीनगर की प्रभारी बीके नीलम बहन एवं योग के जरिए लोगों का स्वस्थ्य जीवन जीने की कला सिखाने वाली पंतजलि योग पीठ की सह प्रभारी लक्ष्मी पंवार शाह को महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ठ योगदान देने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष जीतेन्द्र धिरवाण, मुख्य वक्ता प्रजापिता बह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के उत्तराखंड के निदेशक एवं प्रभारी बीके मेहर चंद, विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अनिता बुढ़ाकोटी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना गैरोला, बीके नीलम, मेडिकल कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह, गायनी विभाग के एचओडी डॉ. नवज्योति बोरा ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। वक्ताओं ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कराने की प्रशंसा की। इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष वासुदेव कंडारी, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतीश कुमार, डॉ. व्यास राठौर, डॉ. ललित पाठक, डॉ. तृप्ति, डॉ. अनुष्का, डॉ. नेहा, संजय गुप्ता, रेखा रावत गुप्ता, अरूण बडोनी, संदीप पंवार, मुकेश उनियाल, विजयलक्ष्मी उनियाल, विजेन्द्र सिंह, जतिन सिंह, भवतोष, मनमोहन सिंह, विक्रम भंडारी, रूचि पुरोहित, रूचि काला, कुसुम मैठानी, नाहिद अख्तर, दीपा, प्रशांत सहित मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे। (एजेंसी)

## कविता पाठ में कृष्ण व निबंध में दुर्गा रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : रिखणीखाल ब्लाक के अंतर्गत बीआरसी डाबरी में विभिन्न विद्यालयों की ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार चौधरी के दिशा निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत जूनियर वर्ग की कविता पाठ प्रतियोगिता में कृष्णा व निंबध लेखन में दुर्गा पहले स्थान पर रहे।

स्टाल संयोजन में गुनेड़ी संकुल पहले व ढाबखाल संकुल दूसरे स्थान पर रहे। नुक्कड़ नाटक में सीआरसी चुरानी पहले व सीआरसी ढौंटियाल दूसरे स्थान पर रहे। प्राथमिक वर्ग की फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में आकृति पहले व प्रिंस दूसरे स्थान पर रहे। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

# हास्य रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को किया लोट-पोट

**श्रीनगर गढ़वाल** : हिमालयन साहित्य एवं कला परिषद की ओर से गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर स्थित जंतु विज्ञान विभाग में होली के तौर तरीकों पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर पारंपरिक खड़ी और बैठकी होली के साथ ही देश के विभिन्न राज्यों में मनाई जाने वाली होली पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में हिमालय कला परिषद के नीरज नैथानी ने हिमालयी राज्य उत्तराखंड की पारंपरिक खड़ी और बैठकी होली के साथ ही बनारस की मसाने की होली, ब्रज की लट्ठमार होली, वृंदावन मथुरा की फूलों व गुलाल की होली और मैथिली होली पर व्याख्यान दिया। उन्होंने मौके पर हास्य रचनाएं पढ़कर श्रोताओं को लोट-पोट कर दिया। रंगकर्मी विमल बहुगुणा ने पर्वतीय होली की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए प्रमुख प्रचलित होली गीतों का गायन कर माहौल को संगीतमय बनाया। इस पर सभी लोग होली की मस्ती में डूब गए। प्रसिद्ध कवि और चित्रकार जय कृष्ण पैन्यूली की समसामयिक शायरी पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाईं। रुद्रप्रयाग से पहुंचे अजय चौधरी ने लोकभाषा गढ़वाली में होली गायन की शानदार प्रस्तुतियां दीं। माधुरी नैथानी के फाल्गुन गीत से गोष्ठी साहित्यिक रस में सराबोर हो गई। डॉ. राजेश की स्वरचित रचना आ अब घर लौट चलें को श्रोताओं ने खूब सराहा। सचिन कोटियाल ने गढ़वाली रचना का सस्वर पाठ किया। अध्यक्षता करते हुए प्रो. प्रकाश नौटियाल ने सेमिनार आयोजित करने पर हिमालयन साहित्य एवं कला परिषद श्रीनगर का आभार व्यक्त कर स्वरचित हास्य व्यंग्य रचना का शानदार पाठ किया। इस मौके पर डॉ. प्रकाश चमोली, आरपी कपरवाण, जयेंद्र, डॉ. दीपक भंडारी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### लोगों ने जमकर की गुलाल की खरीददारी

**पौड़ी** : होली पर्व पर मंगलवार को भी शहर में सुबह से ही बाजार सजे रहे। लोगों ने जमकर गुलाल की खरीददारी की। वहीं, शहर में होल्यारों की टोलियों ने होली के पारंपरिक गीत गाकर होली मनाई। मंगलवार को होली पर्व पर सभासद अनीता रावत के नेतृत्व में महिलाओं की टोली ने शहर में होली के गीत गाकर होली मनाई। होली पर्व को लेकर शहर में जगह–जगह होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने नगरपालिका सभागार, कल्जीखाल, खोलाचौरी, कोट ब्लाक में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## एनपीएस के खिलाफ पुतला फूंककर किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा टिहरी गढ़वाल द्वारा कीर्तिनगर में होली के पावन अवसर पर एनपीएस के खिलाफ पुतला फूंककर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जनपद स्तर के समस्त विभागों के कर्मचारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों ने भी धरना प्रदर्शन किया। मौके पर कर्मचारियों ने भाजपा सरकार से अपने परिवार के सुखद भविष्य के लिए पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।

इस अवसर पर मोर्चा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव उनियाल ने कहा है कि सरकार जब तक पुरानी पेंशन को बहाल नहीं करती है, तब तक समस्त कर्मचारी सपरिवार आंदोलन करने के लिए विवश होगे। विनय रावत ने कहा की यदि सरकार हमारी जायज मांग पर विचार नहीं करती है तो हमें जल्द ही उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। सुधीर तिवारी ने कहा की जहां आज आम जनता होली का त्योहार मना रही है, वहीं कर्मचारी और उनका परिवार पुरानी पेंशन बहाली हेतु सड़कों पर आंदोलनरत है। इस मौके पर जगदीश वर्धन, बलदेव, पंकज, पवन,जगमोहन, बिजेंद्र, हिमांशु कुंवर,अनिल भट्ट, सुनील कुमार,चंद्र शेखर मेवाड़ आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# महिलाओं ने सीखें धूप और अगरबत्ती बनाने के गुर

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** नेहरू युवा केंद्र, पौड़ी गढ़वाल के तत्वाधान में स्थानीय विषय आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकासखंड थलीसैंण के सांसद आदर्श ग्राम सिरतोली में किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला में स्थानीय महिलाओं को धूप, अगरबत्ती निर्माण, पैकेजिंग के साथ ही मार्केटिंग का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला की मुख्य अतिथि थाना पैठाणी की एसआई दीपिका बिष्ट ने युवाओं को स्वरोजगार अपनाने को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षणों का लाभ प्राप्त कर स्वरोजगार को आजिविका का माध्यम बनाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने युवाओं को साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930, 112 की जानकारी देते हुए उत्तराखण्ड पुलिस एप्प बटन तथा सोशल मीडिया में हो रहे फ्रॉड से बचने के लिए भी जागरूक किया। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि पूर्व खण्ड विकास अधिकारी आशाराम पंत ने कहा कि भारत सरकार का उद्देश्य ऐसे स्वरोजगारपरक प्रशिक्षणों के माध्यम से युवाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर स्वावलम्बी बनाना है, ताकि युवा समूह बनाकर स्वरोजगार इकाई स्थापित कर स्वयं भी रोजगार प्राप्त कर सकें , साथ ही अन्य युवाओं को गांव में रहकर भी रोजगार प्रदान कर गांव से होने वाले पलायन को रोका जा सके। एक किरण सेवा समिति सबधरखाल के प्रशिक्षक हरिओम् ध्यानी द्वारा सूखा गोबर, मेंदा लकड़ी, ताजा गोमुत्र, जिगर पाउडर, सोरा, मोगरा सेंट तथा फ्लेवर एसेंस, डीपी ऑयल एवं चारकोल से धूप तथा अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत निर्मित सामग्री की पैकिंग करने की विधि तथा मार्केटिंग की जानकारी भी युवाओं को दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम नेहरू युवा केन्द्र की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी ज्योति की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम सिरतोली की 50 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सिरतोली के रमेश चन्द्र, संस्कृतिकर्मी केशवानन्द नौटियाल, थाना पैठाणी के रमेश सिंह जयाड़ा, विजय सिंह चौहान, युवा मण्डल सिरतोली से अंकिता राणा, शकुन्तला पन्त, पुष्पा रावत, तनीषा आदि उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि थाना पैठाणी की एसआई दीपिका बिष्ट युवती को प्रमाण पत्र देते हुए।

# एनआईटी के दो सदस्यीय दल डीएसटी के सलाहकार से मिला

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड श्रीनगर के दो सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सलाहकार और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग विभाग के प्रमुख संजीव कुमार वार्ष्णेय जी से मुलाकात की। प्रभारी कुलसचिव डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने मुलाकात को सार्थक बताया और कहा कि वार्ष्णेय जी ने आश्वासन दिया है कि वे भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव के साथ एनआईटी उत्तराखंड का दौरा करेंगे और अंतराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की दिशा में पूरा मार्गदर्शन और सहयोग देंगे। इसके साथ ही उन्होंने सुझाव भी दिया की एनआईटी को उत्तराखंड राज्य में स्थित अन्य केंद्रीय संस्थाओ जैसे आईआईटी रूड़की, गढ़वाल यूनिवर्सिटी, वाडिया इंस्टिट्यूट, सीबीआरआई आदि के साथ मिलकर जोशीमठ के संकट का समाधान ढूढ़ने का प्रयास करना चाहिए।

एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने बताया कि यह एक औपचारिक मुलाकात थी और इसका मकसद अंतराष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तन (एसटीआई) समझौतों के बारे में मार्गदर्शन लेना था। उन्होंने कहा एनआईटी, उत्तराखंड अभी एक नवोदित संस्थान है और संस्थान द्वारा समकक्ष संस्थानों में अग्रणी भूमिका के लिए कई नई पहल की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी सन्दर्भ में प्रभारी कुलसचिव डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी और डॉ. राकेश मिश्रा की दो सदस्यों की टीम को भारतीय एवं अन्य देशों के संस्थानों के बीच विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार समझौतों की प्रक्रिया और उनके क्रियान्वयन के विषय जानकारी एकत्र करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार का दौरा करने के लिए भेजा गया था। (एजेंसी)

## होली के रंग में रंगे नजर आये बाजार

रूद्रप्रयाग : होली को लेकर लोगों में खूब उत्साह नजर आ रहा है। क्षेत्र के बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों के गली-मोहल्ले होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं।

मुख्यालय सहित जनपद के तिलवाड़ा, मयाली, जखोली, अगस्त्यमुनि, चन्द्रापुरी, ऊखीमठ, गुप्तकाशी, फाटा, सोनप्रयाग, खांकरा, नगरासू, सतेराखाल, चोपता, दुर्गाधार आदि स्थानों पर लोगों ने होली का आनंद लिया। अबीर-गुलाल उड़ाकर एक-दूसरे को बधाई दी।

# चलो दीदी भुला, चलो होली खेल्यूंला..

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : रंगों के पर्व होली के अवसर पर साहित्यिक संस्था सांहित्यांचल की ओर से काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कवियों ने होली संबधित रचनाओं की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

जीएमओयू सभागार में आयोजित गोष्ठी का आरंभ डा. वेदप्रकाश माहेश्वरी, डा. नंदकिशोर ढौंडियाल और जेपी बुड़ाकोटी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

तत्पश्चात मोहिनी नौटियाल ने गढ़वाली भाषा में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम आरंभ किया। इसके बाद उन्होंने चलो दीदी भुला, चलो होली खेल्यूंला.., कविता की प्रस्तुति दी। शशिभूषण अमोली ने होली त ह्वैलि यन.., निशीथ माहेश्वरी ने गिले शिकवे मिटाते हुए.., कविता प्रस्तुत कर शुभकामनाएं दी। रोशन बलूनी ने चंहु ओर स्वागत है.., जगदीश भारद्वाज ने सारे जग में फूट बुरी.., आदि कविता प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। सीपी नैथानी ने बहुत दिनों से गांव गा नहीं, न जाने कब हो जाना.., कविता के माध्यम से गांव की संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

इसके अलावा बलबीर सिंह रावत और उमेश कंडवाल सहित अन्य कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोहा।

## महिलाओं को समाज के विकास और सुधार के कार्यों के लिए आगे आना होगा : जगवाण

रूद्रप्रयाग : विश्व महिला दिवस के मौके पर होली का पर्व होने के चलते महिला सांस्कृतिक कला मंच तिलवाड़ा द्वारा नगर पंचायत कार्यालय परिसर तिलवाड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया। महिला हेल्प लाइन रुद्रप्रयाग की सब इंसपेक्टर ज्योति पंवार ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तिलवाड़ा की नगर पंचायत अध्यक्ष संजू जगवाण ने कहा कि आज महिलाओं को समाज के विकास और सुधार के कार्यों के लिए आगे आने की जरूरत है। मुख्य अतिथि एसआई ज्योति पंवार ने आयोजन के लिए नगर पंचायत तिलवाड़ा को बधाई दी। कहा कि महिलाएं परिवार की जिम्मेदारी में इतना व्यस्त रहती है कि अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान नहीं रख पाती। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया कि वे स्वयं भी शिक्षित बनें और परिवार की बेटियों व बहुओं को भी शिक्षित करें। उन्होंने साइबर क्राइम से भी सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने बैंकिंग फ्रॉड के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हुए महिलाओं को उससे बचने के बारे में जानकारियां दी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि पुलिस चौकी तिलवाड़ा की इन्चार्ज संयोगिता रावत ने महिलाओं को साइबर अपराध, गुड टच, बैड टच, चाइल्ड ट्रैफिकिंग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को गौरा योजना व पुलिस एप की विस्तृत जानकारी भी दी। बाल विकास विभाग अगस्त्यमुनि की सुपरवाइजर देवेश्वरी कुंवर ने उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम की संयोजक और संचालक राइंका कांडा की शिक्षिका विमला राणा ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर सुंदर होली गीत और भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की सहसंयोजक संगीता गौड़ ने भी महिलाओं को जागरूक करते हुए अपनी बात रखी। कार्यक्रम में कमल कुमार सब इंसपेक्टर ट्रैफिक तिलवाड़ा, शकुन्तला भट्ट, भावना रावत, मीना भट्ट, प्रीती, सुषमा जगवाण समेत कई मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में 80 महिलाओं ने कराई जांच



रुद्रप्रयाग : स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पुलिस लाइन रतूड़ा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस परिवार की करीब 80 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां दी गई। साथ ही महिलाओं से अपने खानपान पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई।

पुलिस लाइन रतूडा में आयोजित चिकित्सा शिविर में चिकित्साधिकारी डॉ. मनीष कुमार एवं डॉ. प्रांजलि थापा ने पुलिस परिवार की महिलाओं व महिला पुलिसकर्मियों की स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याओं, रक्तचाप, रक्त की जांच (सुगर, थायरॉइड, हीमोग्लोबिन) की जांच कर उचित मार्गदर्शन दिया। चिकित्सकों ने महिला सम्बन्धी समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। उनकी शारीरिक समस्याओं, बेहतर स्वास्थ्य के लिए सही खान-पान, महिलाओं को उचित परामर्श व सुझाव दिए। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या होने पर समय से जांच कराने, अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने व समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी।

## महिलाओं को किया सम्मानित, छात्र-छात्राओं को बांटी पाठय सामग्री

उत्तरकाशी : भटवाड़ी ब्लॉक की अस्सीगंगा घाटी में नशा उन्नमूलन, पर्यावरण स्वच्छता आदि सामाजिक कार्यों में योगदान देने वाली ग्रामीण महिलाओं को हंस फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय में पठन पाठन कर रहे छात्र–छात्राओं को पाठ्य सामग्री भी दी गई।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राइंका भंकोली में हंस फाउंडेशन की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अस्सी गंगा घाटी के भंकोली, अगोड़ा, नौगांव के महिला मंगल दल की महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान फांउडेशन की ओर से छात्र छात्राओं को पठन पाठन की सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय में निबंध, सामान्य ज्ञान, रंगोली व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिनको फाउंडेशन की आरे से पुरस्कृत किया गया। कार्यत्र्म में बतौर मुख्यतिथि शामिल हुई साधना जोशी ने महिला जागरूकता तथा युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को लेकर अपने विचार व्यक्त किया और लोगों को जागरूक किया। कार्यत्र्म के संयोजक डा. शंभू प्रसाद नौटियाल ने हंस फाउंडेशन का आभार जताया और कहा कि यह क्षेत्र गरीबी और पिछड़ेपन के कारण मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित है, ऐसे में हंस फाउंडेशन जो कार्य कर रहा है उससे यहाँ के जनजीवन को पटरी पर लाया जा सकता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मुकेश पंवार, ममता रावत, सुमन, नरेंद्र, अंकित पंवार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### विधायक ने कार्यकर्ताओं और पत्रकारों का किया सम्मान

टिहरी : घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह ने घनसाली बाजार में होली मिलन कार्यत्र्म आयोजित कर क्षेत्र के लोगों को होली की बधाई दी। मौके पर विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को सम्मानित किया।

## क्रिकेटर संजीत ने सीके नायडू टूर्नामेंट में किया अच्छा प्रदर्शन



टिहरी : जौनपुर विकासखंड के बेल गांव निवासी संजीत सजवाण ने उत्तराखंड प्लेइंग 11 टीम से खेलते हुए छः मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे क्षेत्र में खुशी की लहर है। संजीत की इस उपलब्धि पर उन्हें और उनके परिवार को लोग बधाई दे रहे हैं।

बेल गांव निवासी आनन्द सिंह सजवाण के बेटे संजीत सजवाण ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गांव से करने के बाद उच्च शिक्षा मसूरी से प्राप्त की। संजीत सजवाण तीन बहनों के साथ सबसे बड़े भाई है। पिता गांव में ही खेती बाड़ी कर परिवार की आजीविका चलाते हैं, लेकिन बेटे के क्रिकेट के शौक और लगन के चलते आन्नद सिंह सजवाण ने बेटे की जरूरतों को पूरा कर उसका हौसला बढ़ाया। बेटे संजीत सिंह ने भी कड़ी लग्न और मेहनत से क्रिकेट का सफर शुरू किया। संजीत ने उत्तराखंड अंडर-25 क्रिकेट टीम में स्थान बनाया। संजीत सजवाण ने बीते 30 दिसम्बर 2022 से 15 फरवरी 2023 तक मुम्बई, केरल, नागालैण्ड और काशीपुर में आयोजित सीके नायडू अंडर-25 क्रिकेट टूर्नामेंट में उत्तराखंड टीम से बल्लेबाज के रूप में 6 मैच खेले। इस दौरान उन्होंने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 495 रन बनाकर 20 खिलाड़ियों को स्टंप और कैच आउट किया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन काशीपुर में हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच में 144 रनों का रहा। इस मैच में उत्तराखंड ने हैदराबाद को पारी और 314 रनों से करारी शिकस्त दी। संजीत के इस प्रदर्शन की जौनपुर और मसूरी क्षेत्र में काफी प्रशंसा हो रही है। संजीत के लिए उत्तराखंड टीम में प्लेइंग 11 में जगह बनाना मुश्किल रहा है। लेकिन पिता और मां की प्रेरणा और कोच अमन दास के मार्गदर्शन से रास्ते में आ रही चुनौतियां पार होती गई। उनकी सोच है कि मौका मिलने के बाद खिलाड़ी को प्रदर्शन करना ही पड़ता है। अपने दौरे से लौटे संजीत को बेहतर प्रदर्शन के लिए उनके दोस्त अकबीर पंवार सहित कई लोगों ने बधाई दी। (एजेंसी)

### रूद्रप्रयाग की बबीता दिल्ली में सम्मानित

रूद्रप्रयाग : बीते कई सालों से सब्जी उत्पादन में बेहतर कार्य कर रही रुद्रप्रयाग जिले की बबीता रावत को पूसा कृषि विज्ञान मेले में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा नवोन्मेषी किसान सम्मान से सम्मानित किया है। उन्हें सम्मान मिलने पर जनपद के काश्तकारों ने खुशी व्यक्त की है। मुख्यालय से सटे सौड़ उमरौला निवासी बबीता रावत को नई दिल्ली में वर्ष 2023 के लिए यह सम्मान दिया गया।

## नाटक के माध्यम से दिया राष्ट्र एकता और जल संरक्षण का संदेश

उत्तरकाशी : नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड़ अंतर्गत ज्ञानदीप मॉडर्न स्कूल के दूसरे वार्षिकोत्सव में छात्रों ने धरती की माटी और जल ही जीवन है, नामक नाटक का मंचन कर राष्ट्र एकता और जल संरक्षण का संदेश दिया।

वार्षिकोत्सव के दौरान कक्षा दो के छात्रों ने बॉलीवुड गीतों पर डांस प्रस्तुत किया। वहीं, कक्षा- 7 के छात्रों ने लोक नृत्य प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने देश के विभिन्न प्रांतों की लोक संस्कृति को दिखाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बच्चों की प्रस्तुति को खूब सराहा। स्कूल के संस्थापक लक्ष्मण सिंह चौहान ने छात्रों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही देश महान बनता है और शिक्षित व्यक्ति ही संपन्न राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि 2 साल पहले बेहद कम संसाधनों के साथ स्कूल की शुरुआत की थी। आज 2 वर्षों बाद बड़ी संख्या में छात्र स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ज्ञान का प्रसार हो रहा है, बस यही मेरा मकसद है। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष शीशपाल चन्द रमोला, भाजपा महिला अध्यक्षा पूनम रमोला, रजनी कोटवाल, बिशन सिंह कोटवाल, कोमल राणा, सुभाष नौटियाल, सोवेंद्र बिष्ट, जीत सिंह राणा, सुमन बडोनी, देवीदत्त उप्रेती थे। (एजेंसी)

## हैंडपंप खराब, प्राकृतिक स्रोतों की दौड़ लगा रहे लोग

टिहरी : विकासखंड जौनपुर के मुख्य बाजार थत्यूड़ में हैंडपंप खराब होने से लोगों को पीने के पानी के लिए किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण लोगों को पीने के पानी के लिए प्राकृतिक स्रोतों की ओर दौड़ लगानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों में प्रकाश, दिनेश रावत, रामप्रकाश्का भट्ट और विकास का कहना है कि त्यौहारी सीजन के चलते आजकल बाजार में लोगों का काफी आवागमन हो रहा है। बाजार में आने जाने वाले राहगीर प्यास बुझाने के लिए बाजार में स्थित हैंडपंप का सहारा लेते हैं, लेकिन हैंडपंप खराब होन से जहां राहगीरों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है, वहीं स्थानीय लोगों को प्राकृतिक स्रोतों की ओर दौड़ लगानी पड़ रही है। खेड़ा कलोनी व ब्लाक कलोनी में भी लोगों के घरों में पानी की किल्लत पैदा हो रही है। गर्मी के शुरूआती दौर में पेयजल के लिए लोग जुझ रहे हैं। पेयजल किल्लत को लेकर जल संस्थान थत्यूड़ के जेई रवि शाह ने बताया कि हैंड पंपों की खराबी की उच्चाधिकारियों दी जा चुकी है। इन्हें जल्दी ही ठीक करने का काम शुरू किया जायेगा। खेड़ा मोहल्ले व ब्लाक मुहल्ले में पानी की किल्लत जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों के चलते हो रही है,

### महिलाओं को किया सम्मानित

पिथौरागढ़। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह में महिला भागीदारी प्रोत्साहन कार्यत्र्म आयोजित किया गया। मंगलवार को विण में आयोजित कार्यत्र्म में सरोजनी पाण्डेय, हेमा गुररानी, चंदू देवी को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ.निर्मल बसेडा, खंड विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह पोखरिया, सुपरवाईजर रेखा सौन, आंगनवाडी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिलाओं और छात्राओं को सम्मानित किया

टिहरी : उत्तराखंड महापंचायत ने छोटी होली पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। महिला दिवस के उपलक्ष्य में होली मिलन कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं और बोर्ड परीक्षा में बेहतर स्थान बनाने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मंगलवार को शिव दुर्गा मंदिर ढालवाला में प्रतापनगर के ब्लाक प्रमुख प्रदीप चंद रमोला की अध्यक्षता में उत्तराखंड महापंचायत होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी केशव स्वरूप ने कहा कि होली मिलन हम सबका भाई-चारे एंव मिलन का त्योहार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लाक प्रमुख प्रदीप चंद रमोला ने कहा कि होली का त्योहार हमें जीवनभर भाई-चारे से जीना सिखाता है। इस अवसर पर दूर दराज क्षेत्रों से होली मिलन पर एकत्रित हुये लोगों ने आपस में रंग-गुलाल लगाकर मिठाइयां बांटकर होली की शुभकामनायें दीं। होली मिलन में गढ़वाली लोक गीतों और नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियों दी गईं। मौके पर उत्तराखंड महापंचायत ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली आशा, आंगनबाडी वर्कर, महिला समाख्या में काम करन वाली महिलाओं और बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 20 बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। होली मिलन कार्यक्रम मे प्रधानाचार्य महंत मनोज, महंत जगदीश, उत्तम चंद रमोला, उत्तराखंड महापंचायत के अध्यक्ष गजेंद्र कंडियाल, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र रांगड, संरक्षक रमाबल्लभ भट्ट, भगवती प्रसाद रतूड़ी, महिपाल बिष्ट, शिव प्रसाद बहुगुणा, योगेश राणा, हिमांशु बिजल्वाण, बीना जोशी, दिनेश कोठारी, शुशील नौटियाल, ब्रहमानंद भट्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)



## शादी का झांसा देकर दुराचार का आरोपी गिरफ्तार



पिथौरागढ़। सीमांत में एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुराचार करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 28 फरवरी को एक युवती ने कोतवाली में तहरीर दी थी। युवती का कहना है कि दीगांस कठायत निवासी निशांत बोहरा नामक एक व्यक्ति ने शादी करने का वायदा कर उसके साथ दुराचार किया। अब उक्त व्यक्ति शादी करने से इंकार कर रहा है। युवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने भादवि की धारा 376 के तहत मुकदमा दर्ज किया। एसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर कोतवाली मोहन चंद्र पांडे के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच शुरू की गई। बीते रोज पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। टीम में एसआई प्रियंका मौनी, कांस्टेबल ध्रुव सिंह, कांस्टेबल अरविन्द कुमार शामिल रहे।

### भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि मनाई

रुद्रपुर। भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 62वीं पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सितारगंज रोड पर मंगलवार को एडवोकेट हरीश चंद्र जोशी के कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

एडवोकेट हरीश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड के विकास में पंत का योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। उनके द्वारा कई जनकल्याणकारी निर्णय लिए गए।

इस दौरान मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, रमेश जोशी रामू, बीएस मेहता,दिनेश कश्यप, डा. एचडी वर्मा, पंकज भट्ट, गोपाल बोरा, प्रकाश तिवारी आदि रहे।

## चचेरे भाई ने ही की थी शाकिब की हत्या

काशीपुर। नशे में हुए विवाद के बाद चचेरे भाई ने ही बेल्ट से गला दबाकर शाकिब की हत्या कर दी। साथ ही हत्या को जानवर के हमले में मौत दिखाने को उसके पेट पर चाकू की नोक से जानवर के पंजे बना दिये। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पांच मार्च को जसपुर के ग्राम बढ़ियोंवाला निवासी शाकिब पुत्र अनीस अहमद का शव संदिग्ध हालात में गेहूं के खेत में मिला था। परिजन शाकिब के शव को घर ले गये थे। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था। वहीं पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। सोमवार को एएसपी कार्यालय में एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक के पिता ने बताया था कि शाकिब घटना के दिन काशिम उर्फ दानिश, निजाम और रजा के साथ था।



जिसके बाद शाकिब का शव गेहूं के खेत में मिला था। पुलिस को घटनास्थल से मृतक के खून से सने कपड़े, घटना में प्रयुक्त खून से बना चाकू बरामद हुआ। मौके पर फॉरेंसिक व डॉग स्क्वॉड टीम ने मृतक के खून से सने कपड़ों को सुंघाकर संदिग्धों को खड़ा कर ड्रिल करायी। डॉग ने संदिग्ध काशिम उर्फ दानिश के ऊपर झपट्टा मारा और उसके आसपास घूमते हुए भोंकने लगा। पुलिस द्वारा आस–पास के लोगों से पूछताछ की गयी तो आखरी बार शाकिब को काशिम उर्फ दानिश के साथ में एक साथ नशे में सिगरेट खरीदते व जंगल की तरफ जाते हुए देखा गया था। पुलिस ने शक के आधार पर काशिम उर्फ दानिश पुत्र हनीफ से पूछताछ की, तो उसने हत्या करना कबूल कर लिया। बताया कि वह शाकिब के साथ खेत में स्मैक व गांजे का नशा करने गया था। जहां पर वह उसके परिवार को गाली देने लगा। जिस पर उसका शाकिब से झगड़ा हो गया। शाकिब के नशे में होने के बाद उसने बेल्ट से शाकिब का गला घोंटकर हत्या की व चाकू की नोक से पेट पर जानवर के पंजे के निशान बना दिए। ताकि देखने में लगे की किसी जानवर ने पंजों से मारा है और उसके बाद शाकिब के शव को घसीटकर गेहूं के खेत में फेंककर भाग गया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस टीम में ये रहे शामिल– सीओ वंदना वर्मा, प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह दानू, एसएस-।आई अनिल जोशी, एसआई भूपाल राम पौरी, एसआई कौशल भाकुनी, एसआई जावेद मलिक, सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, हरीश आर्य, गणेश भट्ट, विनय मित्तल, दीपक जलाल, विरेन्द्र सिंह, अनुज वर्मा, अरुण कुमार, हरीश, सुभाष कुमार, बच्ची सिंह आदि।

## रोडवेज बस की चपेट आने से किशोरी की मौत, छोटी बहन व दादी गंभीर घायल

काशीपुर। यूपी रोडवेज बस की चपेट आने से किशोरी की मौत हो गई। जबकि छोटी बहन व दादी गंभीर घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जबकि घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। मंगलवार को ग्राम गुमसानी निवासी राजकुमारी पत्नी राममूरत अपनी पोती वंदना (12) तथा निक्की (5) पुत्री अमरजीत सिंह के साथ अत्रीदत्त धाम मंदिर में मत्था टेकने जा रही थी। नेशनल हाईवे पर लेवड़ा नदी के पास सड़क पार करते समय एक रोडवेज बस ने तीनों को चपेट में ले लिया। घटना में दादी तथा दोनों पोतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहां मौजूद लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने वंदना को मृत घोषित कर दिया। वहीं दादी तथा दूसरी पोती निक्की को गंभीर हालत में हायर सेंटर भेज दिया है। कोतवाल प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने आरोपी रोडवेज चालक को पकड़ने का प्रयास किया। रोडवेज यूपी की बताई जा रही है। बताया कि अभी पीड़ित की ओर से तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

परिवार में मचा कोहराम

होली की पूर्व संध्या पर अमरजीत की बेटी वंदना का देहांत होने एवं उसकी मां तथा दूसरी बेटी निक्की के घायल होने की खबर से परिवार में कोहराम है। परिजनों ने बताया कि दोनों बच्चियां अपनी दादी से मंदिर में माथा टेकने की जिद कर रही थी। दोनों की जिद पर उसकी बुजुर्ग मां दोनों पोतियों को अत्रीदत्त धाम मंदिर में माथा टेकने ले गई थी।

**रोडवेज चालक की जल्दबाजी में हुआ हादसा**

बताया जा रहा है नेशनल हाईवे पर मरम्मत का कार्य चल रहा है। जिसको लेकर प्रशासन ने एक लेन को बंद कर दूसरी लेन पर दोनों ओर का ट्रैफिक शुरू किया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रोडवेज बस चालक जल्दी निकलने के प्रयास में बंद वाली लेन में से रोडवेज को ले जा रहा था। इसी लेन पर दादी अपनी दोनों पोतियों के साथ सड़क पार कर रही थी। जिससे हादसा हो गया।

### दो बच्चों संग लोहाघाट से महिला लापता

चम्पावत। लोहाघाट क्षेत्र में दो बच्चों को लेकर एक महिला घर से लापता हो गई है। महिला के रिश्तेदारों ने पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। रविवार को एक महिला अचानक अपने बच्चों संग घर से गुम हो गई। एसओ मनीष खत्री ने बताया कि सोमवार शाम को महिला के रिश्ते के भांजे ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि महिला का एक बेटा 10 साल और दूसरा सात साल का है। लोगों के मुताबिक महिला अपने साथ जेवर आदि भी ले गई है। एसओ ने बताया कि मामले की जांच एसआई सुष्मिता राणा कर रही हैं।

## गौकशी में दो आरोपी गिरफ्तार, सरगना समेत पांच फरार

रुद्रपुर। नानकमत्ता पुलिस ने नानक सागर जलाशय बंधे के पास हुई गौकशी की घटना में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि सरगना समेत पांच आरोपी फरार हैं। दोनों आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। 23 फरवरी को सुबह बंधे के पास गौवंशीय पशु के कटे अंग मिले थे।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और सीओ खटीमा वीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि घटना के खुलासे के लिए एसएसपी ने एसओ देवेंद्र गौरव के नेतृत्व में एसआईटी गठित की थी। एसओ के अनुसार छह मार्च को उसी स्थान पर गौकशी होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम मुन्तासिर निवासी ग्राम भुट्टा जाबिर भोजीपुरा बरेली और अजमत अली निवासी ग्राम आनन्दपुर, पूरनपुर पीलीभीत बताए।

जबकि दोनों आरोपियों के साथी कलुवा निवासी भूड़ा हाल निवासी खटीमा, वसीम निवासी भूड़ा बरेली सहित तीन अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 315 बोर के दो तमंचे व तीन कारतूस, पिकअप वाहन, एक गाय और गौकशी में प्रयुक्त होने वाले औजार बरामद किए हैं। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भोजीपुरा, खटीमा, शाहजहांपुर थानों में गौवध निवारण अधिनियम में पूर्व में मुकदमे दर्ज हैं। अमजद उर्फ डोली के खिलाफ धारा 307 में भी मुकदमा कायम हुआ है। बताया कि कलुआ सरगना है। आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जायेगी। आरोपियों की सम्पत्ति की जांच कर जब्त करने की कार्यवाही होगी। टीम में एसओ देवेन्द्र गौरव, एसआई विजेंद्र कुमार व लक्ष्मण जोशी, योगेंद्र कुमार, प्रवीण गोस्वामी, अमित देवरानी, नवनीत कुमार, प्रकाश आर्या, एसओजी के पंकज बिनवाल व कुलदीप शामिल रहे।

## मौसम ने बदली करवट, तापमान में गिरावट



पिथौरागढ़। सीमांत में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित धारचूला, मुनस्यारी सहित अन्य इलाकों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भी बर्फबारी का संभावन बनी हुई है।

मौसम के बदले मिजाज के बाद एक बार फिर ठंड शुरू हो गई है। मुनस्यारी में तापमान माइनस में पहुंच गया है।

### सिमलगैर आंगनबाड़ी द्वितीय केंद्र में महालक्ष्मी किट बांटी

पिथौरागढ़। नगर के सिमलगैर स्थित आंगनबाड़ी द्वितीय केंद्र में महालक्ष्मी किट का वितरण हुआ। केंद्र में बीते रोज आंगनबाड़ी कार्यकत्री नीमा खत्री की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पोषण व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। साथ ही गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया। बाद में उन्होंने लाभार्थियों को बारी–बारी से महालक्ष्मी किट बांटी। उन्होंने गर्भवती व धात्री महिलाओं को अंडे, खजूर और तीन से छह वर्ष के बच्चों को अंडे, केले के चिप्स भी दिए।

## कारोबार उजड़ने की आशंका से चिंतित हुए व्यापारी, विधायक से लगायी गुहार

रुद्रपुर। जी–20 की रामनगर में होने जा रही बैठक से पूर्व प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने को लेकर चलाए जा रहे अभियान से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन की ओर से रामपुर–काठगोदाम नेशनल हाईवे पर सड़क के बीच से 100 फीट तक अतिक्रमण हटाने की चेतावनी और 12 मार्च तक खुद अतिक्रमण हटाने के मौखिक नोटिस के बाद व्यापारी लामबंद हो गए हैं।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारियों ने मंगलवार को विधायक शिव अरोरा के कार्यालय में पहुंचकर उनको अपनी चिंताओं से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि जी–20 के बहाने कई दशकों से यहां व्यापार करते आ रहे व्यापारियों को उजाड़ने की प्रशासन की मंशा है। उन्होंने इस कार्रवाई को रोकने की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि अगर होली के दिन तक उन्हें राहत नहीं मिलती है तो वह गुरुवार को अपनी दुकानों की चाबी विधायक अरोरा को सौंप देंगे। फिर चाहे प्रशासन दुकानों को ध्वस्त करे या कुछ भी करे।

उन्होंने विधायक अरोरा से इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए समस्या के समाधान की मांग की है। मंगलवार को व्यापारी सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे बाजार में इकट्ठे हुए और वहां से जुलूस निकालते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विधायक शिव अरोरा के कल्याणी व्यू स्थित कार्यालय पहुंचे। यहां भी व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि दशकों से व्यापार करने वाले दुकानदारों को हटाने का प्रशासन ने तुगलगी फरमान जारी किया है। उन्होंने कहा कि हाईवे के मध्य से 100 फीट तक को अतिक्रमण माना गया है। इस परिधि में प्रारंभिक तौर पर ही करीब 60 दुकानदार प्रभावित होंगे। इनकी संख्या बढ़ भी सकती है। उन्होंने कहा कि अगर जी–20 को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है तो व्यापारियों को उजाड़ा न जाए। व्यापारी सहयोग को तैयार हैं।

व्यापारियों को अगर तीन दिन अपनी दुकानें बंद भी करनी पड़ें तो वह कर देंगे। अन्य जगहों की तरह यहां भी पर्दा लगाकर समस्या का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से बीते दिन अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के बाद दुकानदारों को 12 मार्च तक अतिक्रमण हटाने की मौखिक चेतावनी दी गई। ऐसे में ठीक होली के त्योहार पर व्यापारी अपना कारोबार उजड़ने की आशंका से चिंतित है। उन्होंने विधायक से जिलाधिकारी से वार्ता कर अभियान रुकवाने की मांग की।

ये व्यापारी रहे मौजूदः अमरदीप सिंह, मंगू, मनीष मुंजाल, आशीष शाह, नरेन्द्र चावला, हरीश जुनेजा, अब्दुल रहमान, नरेश साहनी, मोहम्मद इकबाल, राजीव राठौर, बाबूराम, ओमप्रकाश, सानू खान, हरप्रसाद, केशव नारंग, अनुराग, हर्ष रावल, बिक्की रावल, अनिल कक्कड़, इदरीस सलमानी, हबीब सलमानी, नरेन्द्र सिंह, इन्द्रजीत सिंह,विनोद श्रीवास्तव, गुरविंदर सिंह, मोनू, सत्वंत कामरा, हरजिंदर सिंह, राजकुमार बांगा, राजामदान, भूरा, राज सोनकर, नंदकिशोर, दाताराम, अजय सक्सेना आदि।

## लोहाघाट के छिड़ाखाल गांव में पानी को लेकर मचा हाहाकार



चम्पावत। लोहाघाट के छिड़ाखाल में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। लोग हैंडपंप के सहारे पेयजल आपूर्ति कर रहे हैं। हर घर नल हर घर जल योजना से भी यहां के लोग वंचित हो गए हैं। विकास खंड लोहाघाट के छिड़ाखाल में वर्षों से लोग पेयजल समस्या के निदान की मांग कर रहे हैं। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। युवा अशोक सिंह, मदन सिंह आदि ने बताया कि हर घर नल हर घर जल योजना तो सरकार कह रही है। लेकिन अभी तक गांव को कोई फायदा नहीं हुआ है। लोगों ने बताया कि बारिश न होने के कारण कई पेयजल स्रोत सूख गए हैं। अब हैंडपंप में भी घंटों लाइन लगाने के बाद नंबर आता है। उन्होंने जल्द क्षेत्र में पेयजल के लिए योजना बनाने की मांग उठाई है। जल संस्थान के अभियंता पवन बिष्ट ने बताया कि खालगढा और छिड़ाखाल के करीब 40 से अधिक परिवारों को किमतोली लिफ्ट पेयजल योजना से जोड़ा जाएगा। अभियंता ने बताया कि पेयजल स्तर में गिरावट आने के कारण हैंडपंप में भी आपूर्ति कम हो गई है। जिससे पानी खिंचने में मेहनत करनी पड़ रही है।

## उत्तराखंड में परीक्षा से पहले की की गई थी फिक्सिंगः भुल्लर

नैनीताल। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड में कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा से पहले ही फिक्सिंग की गई थी। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा में पश्नपत्रों के चारों सेट में सभी प्रश्न एक समान हैं। वह मंगलवार को रामनगर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। रानीखेत रोड स्थित नगरपालिका के एक रेस्टोरेंट में प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि बीते दिनों कनिष्ठ सहायक भर्ती मामले में सीबीआई जांच करवाने की मांग की गई पर इस पर सीबीआई जांच नहीं की जा रही। उन्होंने आरोप लगाया कि भर्ती परीक्षा पहले से ही फिक्सिंग की गई थी। कहा, इससे राज्य सरकार की नाकामी ज़ाहिर होती है। राज्य सरकार को चाहिए कि सीबीआई जांच करवाई जाए। कहा कि जब तक असली गुनहगार सलाखों के पीछे नहीं पहुंचेगा तब तक निष्पक्ष परीक्षा उत्तराखंड में नहीं हो पाएगी। कहा कि कनिष्ठ अभियंता की परीक्षा में एक बार फिर सरकार और आयोग ने प्रदेश के बेरोजगारों के साथ छल किया है। बताया कि मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता 13 मार्च को दून में सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करेंगे। इस दौरान युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अब्दुल रहमान, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व सभासद तनुज दुर्गापाल, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अभिमन्यु डंगवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल, युवा कांग्रेस नेता अनुज दुर्गापाल, लोकेश पांडे आदि मौजूद रहे।

## होली पर्व पर गांव–गांव पहुंच रही शराब



बागेश्वर। होली पर्व पर गांव–गांव अवैध शराब पहुंच गई है। सुस्त आबकारी विभाग के विरुद्ध लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि शराब ने गांवों में अमन, चैन छीन लिया है। महिलाएं सबसे अधिक परेशान हैं। होली के बहाने गांवों में नशे के सौदागारों पर शिकंजा नहीं कसा जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। होली पर्व आते ही शराब का चलन बढ़ जाता है। जिसके लिए गांवों में तीन माह पहले से शराब पहुंच जाती है। नशे के सौदागार बड़ी चालकी से यह करते है। आबकारी विभाग की सुस्ती से बड़ी कार्रवाई नहीं होती है। जिससे तस्करों के हौंसलें बुलंद हैं। राज्य आंदोलनकारी हेम पंत, हीरा बल्लभ भट्ट, रमेश कृषक ने कहा कि उत्तराखंड आंदोलन शराब गांव–गांव पहुंचाने के लिए नहीं लड़ा गया। पहाड़ के युवाओं को नशे की तरफ धकेला जा रहा है। होली के बहाने शराब गांव–गांव पहुंच रही है। उन्होंने आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इधर, जिला आबकारी अधिकारी मिनाक्षी टम्टा ने कहा कि लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। तस्करी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## नैनीताल के 28 गांवों में होली के दिन भी पानी नहीं आएगा

नैनीताल। नैनीताल के विभिन्न ब्लॉकों में करीब 28 गांव ऐसे हैं जहां होली के दिन भी पानी की समस्या बनी रहेगी। ऐसे में इन गांव के लोगों को होली के दिन भी पानी के लिए भटकना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कई बार जल संस्थान के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या को उठाया पर उसका समाधान नहीं हो सका। जिले में ओखलकांडा ब्लॉक के टीमर गांव, मल्ला कांडा, भीमताल ब्लॉक खुटानी, जंगलिया गांव, चुनौती, मल्लीताल बाईपास, लथफोड़ा, बेतालघाट ब्लॉक के घग्घरेटी, कफुल्टा, बरगाल, गरजोली, जोग्याडी, जजुला, गजार आदि गांवों में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है। इनमें कई गांवों में तो वर्षों से पेयजल की किल्लत



बनी हुई है। वहीं धारी के सुंदरखाल, दड़माने, अघरिया ग्वालाकोट, लेटीबुंगा शशबनी, धारी, लदफोडा, धानाचूली, मनाघेर, गुनियिलेख, पलडा, सरना, बबियाड़, बिरसयां आदि गांवों में भी पानी का संकट बरकरार है।

ग्रामीणों के मुताबिक जल संस्थान व स्थानीय प्रशासन उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे। ऐसे में उन्हें इस साल की होली भी पानी के संकट के बीच ही मनानी पड़ेगी। घग्घरेटी के ग्राम प्रधान कुंदन नेगी के अनुसार लंबे समय से पानी की लाइन की मांग उठाई जा रही है। हर विभाग के पास जाकर समस्या रखी पर आज तक पानी की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ऐसे में उन्हें होली पर भी पानी के संकट से जूझना पड़ेगा।

गल्ला गांव में पानी की आपूर्ति सुचारू : धारी के गल्ला गांव के ग्रामीणों ने पेयजल योजना पर की गई तालाबंदी को खत्म कर दिया है। इससे इलाके के सतबूंगा, गल्ला, सूपी व पाटा गांव में पेयजल आपूर्ति सुचारू हो गई है। सतबूंगा के ग्राम प्रधान जीवन सिंह गौड़ ने बताया कि विवाद बातचीत के बाद सुलझा दिया गया है। इस कारण पानी की आपूर्ति भी सुचारू हो गई है। उन्होंने बताया कि यह ग्रामीणों के बीच का ही मामला था। एक पक्ष ने पानी की आपूर्ति बंद कर दी थी।

### पुलिस ने ठगी के दो आरोपियों को नोटिस दिया

पिथौरागढ़। उपनल में नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े पांच लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने नोटिस तामिल किया है।

पुलिस के मुताबिक बीते 29 जनवरी को माझीखेत निवासी पुष्कर सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी।

उनका कहना था कि मुवानी–दवानी निवासी लाल सिंह धामी ने ड़ेढ लाख नगद और दो लाख के दो चेक सहित कुल 5 लाख 50 हजार रुपये हड़प लिए। कहा उक्त व्यक्ति ने अपने सहयोगी रुद्रपुर निवासी मनोज कुमार और संदीप चौहान के साथ मिलकर चेक को भी भुना लिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## कांग्रेस महानगर कार्यालय में मनाई होली



रुद्रपुर। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा की ओर से मंगलवार को महानगर कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने अबीर–गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान होली गायन किया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने जमकर होली गीतों पर डांस किया। इस दौरान जगदीश तनेजा ने सभी को गुजिया खिलाकर मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, महामंत्री राजीव कामरा, विजय अरोरा, रंजीत राणा, निशांत शाही, इदरीश गोला, सुनील आर्य, राम दयाल सिंह, नरेश शर्मा, दिनेश पंत, विकास विश्वास, अजय यादव, कमलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# राज्य के सभी जिला अस्पतालों में रेडियोलॉजी जांच की सुविधा को बढ़ाया जाएगा: सीएम






देहरादून। राज्य के जिन मेडिकल कॉलेजों में कैथ लैब नहीं हैं, उन सभी मेडिकल कॉलेजों में कैथ लैब बनाये जायेंगे। राज्य के सभी चिकित्सा इकाइयों में एमआरआई, सिटी स्कैन की पूरी व्यवस्था एवं टेक्निशियन की कमी को पूरा किया जायेगा, इसमें सभी जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज सम्मिलित हैं। यह घोषणा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में जन औषधि दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 2022-23 में जन औषधि के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले डॉ. पूनीत धमीजा, जन औषधि मित्र के रूप में श्रेष्ठ कार्य करने वाले मुकुल अग्रवाल एवं जन औषधि ज्योति के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाली कुसुम गोयल को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को जन औषधि दिवस एवं होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखना अत्यंत आवश्यक है, शरीर की रक्षा करना और उसे निरोगी बनाये रखना मनुष्य का सर्वप्रथम कर्तव्य है। बीमारी लगने पर पहले लोगों को महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशभर में जन औषधि केंद्र खोलकर लोगों को सस्ती और सुलभ दवाइयां उपलब्ध कराने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़ा कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे, इसके लिए केंद्र तथा राज्य की सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। आज सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में अनेक कार्य कर रही है। जन औषधि योजना के अंतर्गत सरकार कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध करा रही है। इस योजना के द्वारा अभी तक 850 से ज्यादा दवाओं का मूल्य नियंत्रित किया गया है। इन केंद्रों द्वारा हमारी बहनों और बेटियों को सिर्फ एक रुपये में सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिससे उनके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जन औषधि योजना सेवा और रोजगार दोनों का एक सशक्त माध्यम बन गई है। इस योजना से सिर्फ पुरुषों को ही नहीं बल्कि महिलाओं को भी बहुत लाभ हुआ है। देशभर में एक हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र तो ऐसे हैं, जिन्हें सिर्फ महिलाएं ही चला रही हैं। यह योजना बेटियों की आत्मनिर्भरता को भी बल दे रही है। इस योजना द्वारा पहाड़ी क्षेत्रों में, मलिन बस्तियों में, जनजातीय तथा पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले देशवासियों तक सस्ती दवा पहुंचाने में मदद मिल रही है। इस योजना से फार्मा सेक्टर में संभावनाओं का एक नया आयाम भी खुला है, आज मेड इन इंडिया दवाइयों और सर्जिकल्स की मांग बढ़ी हैं और मांग बढ़ने से उत्पादकता भी बढ़ी है, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उत्पन्न होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत मुहिम को भी बल मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों के कारण ही आज लोगों को निःशुल्क इलाज के साथ ही सस्ती दवाएं मिल पा रही है। महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना आज देश भर में लाखों लोगों को चिकित्सा के क्षेत्र में फायदा पहुँचा रही है। प्रदेश में अभी तक आयुष्मान योजना के अंतर्गत भारत सरकार के सहयोग से, 70 हेल्थ एवं वेलनेस केंद्र स्थापित किये जा चुके हैं। इन सभी 70 हेल्थ एवं वेलनेस केंद्रों में जनसामान्य की चिकित्सा सुविधा के लिए योग, आयुर्वेद, पंचकर्म सम्बंधित सभी सेवाओं के साथ-साथ लैब टेस्टिंग जैसी सुविधाओं और जन औषधि केंद्र को भी जोड़ा गया है, ताकि लोगों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। राज्य सरकार प्रदेश में अंत्योदय के लक्ष्य को लेकर लगातार कार्य कर रही है। राज्य में भी अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 05 लाख रूपये तक का सुरक्षा कवच दिया गया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इस योजना की नियमित समीक्षा करने को भी कहा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य में जो भी जन औषधि केन्द्र खोले जा रहे हैं, उनमें सरकार द्वारा 05 लाख रूपये की सहायता दी जाती है। गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने में जन औषधि केन्द्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राज्य को अभी 400 जन औषधि केन्द्र खोलने का लक्ष्य मिला है, 225 जन औषधि केन्द्र खोले जा चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य की सभी 670 न्याय पंचायतों में कोपरेटिव सोसायटी में एक-एक जन औषधि केन्द्र खोला जायेगा। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में कैबिनेट ने राज्य में 500 से अधिक विकलांग बच्चों को घर पर ही शिक्षा ग्रहण करने की व्यवस्था का निर्णय लिया है। इसके लिए सरकार 265 अध्यापकों की नियुक्ति करने जा रही है। राज्य के 850 अनाथ बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के नाम से 13 हॉस्टल बनाये जा रहे हैं, जिनमें से 10 पूर्ण हो चुके हैं। इन हॉस्टल में अनाथ बच्चों को निःशुल्क शिक्षा एवं रहने की व्यवस्था की गई है। हर जनपद में एक-एक डायलिसिस केन्द्र चल रहा है। राज्य में संस्थागत प्रसव में तेजी से वृद्धि हुई है, पिछले 05 सालों में संस्थागत प्रसव 37 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हुआ है। शिशु मृत्युदर में भी कमी आई है। प्रति हजार शिशु पर शिशु मृत्युदर 29 से घटकर 24 हुआ है। इसे 10 से कम लाने का लक्ष्य रखा गया है।

जन औषधि दिवस कार्यक्रम में आईं दीपा शाह ने कहा कि उन्हें पेरालसिस के ईलाज के लिए पहले 7000 रूपये दवाई लेने में लगते थे, जन औषधि केन्द्रों से उनको यह दवाई मात्र 1500 रूपये में मिलने लगी। उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ लेकर वह ठीक हुई। अब वे इस योजना का लाभ लेने के लिए लोगों को लगातार जागरूक करती हैं।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, डॉ. कल्पना सैनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजान दास, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## शराब ठेकों को लाइसेंस देने से पहले यातायात पुलिस से एनओसी लेने का दिया सुझाव

देहरादून। पुलिस ने जिला प्रशासन को शहर में मुख्य सड़क और चौराहों पर शराब ठेकों को लाइनेंस नहीं देने की पैरवी की है। ठेकों के बाहर वाहन खड़े होने से जाम की समस्या का हवाला देते हुए लाइसेंस नवीनीकरण में इस बात का ध्यान रखने का सुझाव दिया है। शहर में 11 शराब ठेके ट्रैफिक में बाधा बन रहे हैं।

एसपी ट्रैफिक अक्षय कोंडे ने पत्र के माध्यम से बताया कि शहर में व्यस्त सड़कों के किनारे शराब के ठेके खुले हुए हैं। कई जगह सड़कों की चौड़ाई कम है और वाहनों का दबाव रहता है। अक्सर दोपहर बाद बड़ी संख्या में ग्राहक शराब ठेकों में पहुंचते हैं। वाहन सड़क घेरकर यहां-वहां खड़े कर देते हैं। इससे अक्सर जाम लगता है। यातायात बाधित होने से आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जहां सड़कों की चौड़ाई कम है, वहां समस्या ज्यादा हो रही है।

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि ऐसे 11 शराब के ठेकों को चिह्नित किए गए हैं, जहां बॉटलनेक की स्थिति बन रही है। पत्र में सुझाव दिया कि शराब के ठेकों को लाइसेंस देने से पहले यातायात पुलिस से भी एनओसी लेने का नियम लागू किया जाए, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू और बेहतर बनाया जा सके।

यहां है ज्यादा समस्या

राजपुर रोड, घंटाघर के आसपास, जाखन, आराघर चौक, रायपुर रोड, रिंग रोड समेत 11 कई इलाकों में सड़क पर शराब के ठेकों के बाहर वाहन खड़े होने से जाम लग रहा है।

कल पांच बजे तक बंद रहेंगे शराब ठेके

देहरादून। डीएम सोनिका ने होली पर जिले में शराब के ठेके बंद रखने के आदेश दिए हैं। 08 मार्च को शाम पांच बजे तक शराब के ठेके बंद रहेंगे। डीएम ने समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारियों और थानाध्यक्षों को अवैध रूप से शराब बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को भी अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला आबकारी अधिकारी देहरादून को आदेशों का कड़ाई से पालन कराने को कहा। वहीं मंगलवार और बुधवार को अस्त्र एवं शस्त्र की दुकानें भी बंद रहेंगी। अगर ये दुकानें इन दोनों दिन खुली मिलती हैं तो इनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## कल धरना स्थल पर होली मनाएंगे हरीश रावत

देहरादून। पूर्व सीएम हरीश रावत इस बार होली भर्ती मामले की सीबीआई जांच के लिए आंदोलनरत बेरोजगारों के साथ एकता विहार धरन स्थल पर मनाने का निर्णय लिया है। हरीश रावत ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि वो बुधवार की दोपहर नौजवानों के साथ होली के रंग और गुजिया की मिठास बांटने एकता विहार धरना स्थल पहुंचेंगे। हरीश रावत ने लिखा है कि नौजवान एक अच्छे उत्तराखंड के लिए संघर्षरत हैं, इसलिए वर्तमान ओर भूतकाल को एक मंच पर आकर इस लड़ाई को लड़ना होगा। इधर, कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने बेरोजगार युवाओं के आंदोलन पर दिए गए भाजपा नेता शादाब शम्स के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि युवाओं को कांग्रेस की टूल किट करार देना, बेरोजगारों का अपमान है।

## त्रिवेणी घाट पर रही होलिका पूजन को श्रद्धालुओं की भीड़



ऋषिकेश। तीर्थनगरी में होलिका दहन का जश्न मनाया गया। ढोल नगाड़ों की थाप पर गुलाल अबीर से सराबोर लोग थिरकते नजर आए। वहीं, सुबह से शाम तक त्रिवेणी घाट समेत विभिन्न स्थानों पर बनी होलिका की पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने होलिका की परिक्रमा की और रक्षा सूत्र (कच्चा धागा) बांधकर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिलाओं एक-दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी। मंगलवार को तीर्थनगरी में छोटी होली का उल्लास चारों तरफ नजर आया। बाजार में रंग बिरंगी पिचकारी और रंगों की वैरायटी से दुकानें सजी रही। जगह-जगह होलिका दहन किया गया। जहां पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

ऋषिकेश की हृदयस्थली त्रिवेणी घाट में होलिका पूजन के लिए लोगों की खासी भीड़ नजर आई। यहां श्रद्धालुओं ने होलिका की परिक्रमा के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की परिवार की मंगल कामना के लिए रक्षा सूत्र बांधा। देहरादून रोड, मनीराम मार्ग, प्रगति विहार, इंदिरानगर, चंद्रभागा, बापूग्राम, मीरानगर, अमित ग्राम, श्यामपुर आदि क्षेत्रों में होलिका की महिलाओं ने रोली, अक्षत, जौ की बालियां, फूल माला, हल्दी, बतासे, श्रीफल व अन्य सामग्रियों से पूजा-अर्चना की और एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाया। वहीं, रात को करीब 8:30 बजे के बाद ढोल नगाड़ों की थाप पर होलिका दहन हुआ। होली के फिल्मी गीतों पर लोग जमकर थिरकते रहे। पुलिस की ओर से सुरक्षा कड़ी रही। पंडित वेद प्रकाश शास्त्री ने बताया कि मंगलवार को होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 8:30 बजे से होने पर शहर के विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन 8:30 से 10:30 के बीच किया गया।

## होली का त्योहार भाईचारे के साथ मनाने की अपील की

रुद्रप्रयाग : पुलिस ने रंगों का त्योहार होली शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। पुलिस कार्यालय सभागार में पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल ने व्यापार मण्डल, टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों और महिलाओं के साथ समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें सीओ ने कहा कि सभी इस त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। वाहन संचालन सही ढंग से करने, नशे से दूर रहने व होली के त्योहार भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोनप्रयाग सुरेश चन्द्र बलूनी ने रामपुर में होली का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए स्थानीय व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की। उन्होंने भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाने की अपील की। चौकी प्रभारी फाटा विजय शैलानी ने प्रधान, चौकीदारों, व्यापार मण्डल एवं क्षेत्र के नागरिकों के साथ होली का त्योहार शान्ति, प्रेम और आपसी सौहार्द से मनाए जाने की अपील की। साथ ही पुलिस की ओर से चलाए जा रहे जन जागरुकता अभियानों के विषय में जानकारी दी। चौकी प्रभारी घोलतीर सूरज कण्डारी ने भी होली के त्योहार को सामाजिक सौहार्दपूर्ण एवं शान्तिपूर्वक तरीके से मनाने की अपील की। (एजेंसी)

## अब मुफ्त में मसूरी झील से नहीं ले पाएंगे पानी

देहरादून। अब मसूरी झील से टैंकर मुफ्त में पानी नहीं ले सकेंगे। इसके लिए जल्द ही रेट तय होंगे। उप जिलाधिकारी कार्यालय में जल संस्थान और स्थानीय लोगों के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है। मसूरी में सोमवार को एसडीएम ऑफिस में बैठक आयोजित की गई। इसमें एनजीटी के अधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान निर्णय लिया गया कि झील से रेगुलेट कर ही पानी की सप्लाई की जाएगी। एसडीएम नंदन कुमार ने बताया कि एनजीटी में दायर याचिका के बाद जल श्रोत से पानी का दोहन बंद कर दिया गया था, लेकिन स्थानीय लोगों की मांग के बाद पानी की गुणवत्ता और उसके उपयोग को लेकर उत्तराखंड जल संस्थान के अधिकारियों के साथ वार्ता की गई है। निर्णय लिया गया कि प्राकृतिक स्त्रोत से किसी प्रकार की छेड़खानी नहीं की जाएगी। उत्तराखंड जल संस्थान के सहायक अभियंता टीएस रावत ने कहा कि पर्यटन सीजन में मसूरी में पानी की बहुत किल्लत हो जाती है, इसको लेकर रात्रि के समय टैंकरों से पानी की सप्लाई करने के लिए अनुरोध किया गया है। धोबीघाट निवासी मोहम्मद रिजवान ने बताया कि 1998 में धोबी घाट जल परियोजना शुरू की गई थी, लेकिन उसके बाद टैंकरों से पानी की सप्लाई शुरू की गई। इससे धोबी घाट में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर पालिका अध्यक्ष अनुज गुप्ता, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनमोहन सिंह मल्ल, उत्तराखंड होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप साहनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष ओपी उनियाल आदि मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने जमकर खेली होली

टिहरी : छोटी होली पर जनपद में रंगों की सराबोर रही। जिला भाजपा कार्यालय में जहां भाजपाइयों ने जमकर होली के रंग बिखेरे, वहीं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आरएसएस से जुड़े स्वयं सेवियों ने होली के रंगों से एक-दूसरों का सराबोर करते हुए गले मिलकर होली की बधाईयां दी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में खेली लठमार होली

ऋषिकेश। सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का समापन मंगलवार को फ्युजन होली के साथ हुआ। फ्युजन होली महोत्सव में देश-विदेश से आए पर्यटकों एवं योग साधकों ने एक साथ लठमार और अवधि होली मनाई। लोगों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगा मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी। एक सप्ताह तक चले इस महोत्सव में देश-विदेश के 1500 से अधिक साधकों ने हिस्सा लिया।मंगलवार को हार्टफुलनेस संस्थान की छवि सिसोदिया ने रक्तचाप उपचार के लिए एक योग सत्र का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने योग साधकों को बल्ड प्रेशर नियंत्रण के लिए कई योग प्राणायामों के बारे में बताकर इनके करने की विधि समझाई। बताया कि बल्ड प्रेशर कई रोगों का कारक है। आज रोजमर्रा के जीवन में लोगों की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्या हाई बल्ड प्रेशर है जो कई रोगों का जनक है, जिनमें हृदय, किडनी एवं आंख संबंधी रोगों के साथ मेटाबॉलिक सिन्ड्रोम, सांस लेने में कठिनाई, नींद की समस्या, थायरॉइड समस्या आदि प्रमुख हैं। इसके अलावा अन्य दूसरे सत्र में छवि सिसोदिया के मार्गदर्शन में साधकों ने ध्यान योग किया। चेन्नई स्थित कृष्णामचार्य योग मंदिरम के योगाचार्य एस श्रीधरण ने भक्ति सत्र का आयोजन किया।योग महोत्सव के समापन पर निदेशक विपणन व प्रचार उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद सुमित पंत ने कहा कि योग महोत्सव पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के मार्गदर्शन व पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे की देखरेख में पूरा हुआ। उन्होंने इस योग महोत्सव में भाग लेने वाले सभी योगाचार्यों, साधकों, देश-विदेश से आए पर्यटकों और कार्यक्रम को सफल बनाने वाले आयोजकों, सुरक्षा कर्मियों और लगातार सातों दिन तक समाचार पत्रों में योग का प्रचार-प्रसार करने पर मीडिया का धन्यवाद किया।

## होल्यारों की टीम ने पारंपरिक गीतों संग उड़ाया अबीर, गुलाल

विकासनगर। गढ़वाल उज्वल समिति की ओर से तेलपुरा-अटकफार्म में मंगलवार को होल्यारों की टोली ने घर-घर जाकर होली का चंदा मांगा। ढ़ोल, मंजीरे की थाप और हारमोनियम की धुन पर होली के पारंपरिक गढ़वाली गीतों पर थिरकते हुए हर गली, मोहल्ले में घूमे। सफेद कुर्ता पायजामा पहने होल्यारों ने फाग की मस्ती का मनमोहक समां बांधा। गांव के मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद निकली होल्यारों की टोली ने ढ़ोलक, खंजरी और अन्य वाद्य यंत्रों के साथ गली, मौहल्लों में होली के गीातें पर जमकर अबीर, गुलाल उड़ाया। घर घर से होली का चंदा मांगने के बाद होल्यारों ने गांव के मुख्य चौक पर बैठकी होली मनाई। इसके तहत रण बसंत पर आधारित ह्यबंदिशें फगवा बृज देखन..., माई री देखो आयो बसंत... की शानदार प्रस्तुति दी। दीपेंद्र बिष्ट ने ह्यमन सुख लाओ मृदंग होली धमाल... के साथ ही राग खमाण एवं कल्याण में ह्य तू तो गरीब नवाज..., बहुत दिनन के रूठे पिया को होली में मना लाऊंगी... आदि होली गीत सुनाए।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने पर दिया जोर

ऋषिकेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में यूथ-20 सम्मिट के तहत एम्स ऋषिकेश में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया। मंगलवार को एम्स ऋषिकेश में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला। कहा कि एम्स ऋषिकेश एक लैंगिक समावेशी और लैंगिक संवेदनशील संगठन होने की दिशा में काम कर रहा है। यह समूह लिंग आधारित मुद्दों पर संवेदीकरण और समर्थन की दिशा में काम करेगा।

उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि गौरा देवी जैसी उत्तराखंड की मजबूत महिलाओं के इतिहास को हमें हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से अपने संस्कारों के प्रति संकल्पित रहने का आह्वान किया। कहा कि किसी भी समाज के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। उन्होंने एक चिकित्सक और नर्स के रूप में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं के योगदान पर भी प्रकाश डाला और किशोरियों तथा महिलाओं को अपने विषय में गूढ़ अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया।ऑनलाइन माध्यम के जरिए सिंगापुर से अंतर्राष्ट्रीय वक्ता अंजू जसवाल ने कारपोरेट क्षेत्र के संदर्भ में कामकाजी महिलाओं के वैश्विक परिदृश्य पर चर्चा की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन दिल्ली की प्रोफेसर मीराम्बिका महापात्र ने महिलाओं के लिए भारतीय परिदृश्य के विषय पर चर्चा की और महिलाओं के समर्थन में की जा रही कार्यवाहियों पर प्रकाश डाला।

## कोटी-डिमोऊ-डांडा मार्ग के सुधारीकरण की गुहार नहीं सुन रहा कोई ..

विकासनगर। कालसी ब्लॉक के गांवों के अधिकांश संपर्क मार्ग जर्जर हाल होने के कारण ग्रामीणों को हर रोज खतरे के साए में सफर करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित अधिकारियों से लेकर जन प्रतिनिधियों तक जर्जर मार्गों के सुधारीकरण की गुहार लगाई, लेकिन उनकी समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कालसी ब्लॉक के प्रमुख ग्रामीण मार्ग कोटी-डिमोऊ-डांडा मार्ग की हालत बीते एक दशक से खस्ताहाल है। 21 गांवों की करीब दस हजार की आबादी को यातायात की सुविधा मुहैया कराने वाले इस मार्ग पर जगह जगह सुरक्षा दीवार टूटी हुई हैं। ये मार्ग खत शिलगांव को जोड़ते हुए पजिटिलानी मार्ग से मिलता है। एक दशक से सुधारीकरण नहीं होने के कारण मार्ग की पूरी पेंटिंग उखड़ चुकी है। मार्ग के 21 किमी के दायरे में दो हजार से अधिक गड्ढे पड़े हुए हैं। स्थानीय बाशिंदे सरदार सिंह, फतेह सिंह, प्रताप सिंह चौहान, श्याम सिंह पंवार, सीताराम जोशी, बारूदत्त जोशी ने बताया कि इसी मार्ग से 21 गांवों के ग्रामीण नगदी फसलों को बाजार तक पहुंचाने के लिए रात के अंधेरे में सफर करते हैं।

सम्पादकीय

## त्योहारों में मिलावट का कारोबार

हर वर्ष की तरह इस बार भी त्यौहार से पूर्व मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर खाद्य विभाग हरकत में आया है। हालांकि विभाग की इस हरकत का परिणाम कुछ निकलेगा भी या नहीं यह एक बड़ी पहेली है। प्रमुख बड़े त्योहारों पर मिठाइयों एवं दूध उत्पादों को लेकर मिलावट खोरी का खेल शुरू होता है। मांग के अनुरूप पूर्ति करने का शहद सबसे आसान रास्ता मिलावट खोरी ही है जिसमें कईयों की जेब गर्म होती है। किधर पूरी कीमत चुकाने के बाद भी उपभोक्ताओं को मिलावटी सामान मिलता है जो ना केवल उनकी जेब हल्की करता है बल्कि स्वास्थ्य के साथ भी एक बड़ा खिलवाड़ है। दीपावली हो या होली या फिर एक जैसा त्यौहार हर पर्व पर इसी प्रकार की मिलावट खोरी का खेल खुलेआम चलता है और खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन शिवाय खानापूर्ति के कुछ नहीं कर पाता। इस होली में भी औपचारिकता पूरी करते हुए विभाग ने टोल फ्री नंबर जारी करने के साथ कुछ दिशानिर्देश भी दिए हैं लेकिन खुद विभाग ने धरातल पर उतर कर कितनी दुकानों के सैंपल लिए इसका ब्यौरा नहीं दिया। औपचारिकता निभाते हुए शहरी क्षेत्र में कुछ दुकानों से दुग्ध उत्पाद एवं मिठाइयों के सैंपल लिए गए हैं जोकि हर वर्ष की तरह ही केवल एक दिखावे की विभागीय कार्रवाई है। इससे पूर्व के त्योहारों में भी भारी मात्रा में मिलावट से भरे हुए दूध उत्पाद पकड़े गए थे लेकिन ऐसे सामान की सप्लाई करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई इसके बारे में कोई सूचना ना तो कभी जारी हुई और ना ही किसी के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए। यह एक कड़वा सत्य है कि पूरे उत्तराखंड में त्योहारों के समय मिलावट खोरी का खुला खेल चलता है लेकिन सैंपल की जांच के बाद परिणाम आने में कितना समय लग जाता है कि तब तक खुद विभाग ही पुराने सैंपल को लेकर अधिक सक्रिय नजर नहीं आता। त्योहारों से पूर्वी मिलावट खोरी को रोकने के लिए एक बड़े नेटवर्क की जरूरत है जो फिलहाल खाद्य विभाग के पास नहीं है। मात्र दुकानों से सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए भेजने ताकि का-र्रवाई का दायरा सीमित है अन्यथा क्या कारण है कि सब कुछ जानने के बाद भी खुलेआम पूरा बाजार मिलावट खोरी के उत्पादों से भरा हुआ है। मिलावट खोरी को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की मिसाल कायम होनी चाहिए साथ ही त्योहारों से पहले ही जागरूक शुरू की जानी चाहिए ठीक वैसे ही पुलिस विभाग अपराध के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाते हुए आम जनता को सचेत करता है। मात्र त्योहारों में कुछ दिनों का दिखावटी अभियान चलाने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। मिठाई एवं डेयरी व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों को भी नैतिकता एवं उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को मध्य नजर रखते हुए मिलावट का सामान खरीदने से बचना चाहिए।

# पीएम पर टिप्पणी : विचारहीनता का प्रमाण

**पिछले लोक सभा चुनाव में राहुल गांधी द्वारा राफेल मुद्दे पर श्चौकीदार चोर है के नारे ने भी ऐसी ही कांग्रेस विरोधी और मोदी के समर्थन में वायुमंडल को घनीभूत किया। आप 2002 से लेकर 2024 तक के अलग-अलग चुनावों में कांग्रेस नेताओं द्वारा व्यक्त शब्दावलियों के प्रभावों का विश्लेषण करें तो निष्कर्ष यही आएगा कि उन्होंने तय कर लिया है कि हम नहीं सुधरेंगे। राहुल ने बार-बार दावा किया कि भाजपा तो नफरत बढ़ती है और हम मोहब्बत बांट रहे हैं। क्या इसे मोहब्बत की भाषा कहेंगे? मोदी पर की गई अपमानजनक टिप्पणियों से कांग्रेस को कितनी चुनावी क्षति पूर्व में हुई और आगे होगी यह विषय तो महवपूर्ण है ही किंतु यह इससे आगे का विषय भी है। किसी के पास जब विचार नहीं होते तो वह व्यक्तिगत हमले करता है।**



**अवधेश कुमार**

कांग्रेस पार्टी का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा और संघ को लेकर आक्रामक होना नई बात नहीं है।

मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तबसे कांग्रेस का स्वर यही है और संघ के विरुद्ध उसका तेवर पहले से ही है। लंबे समय तक राज करने वाली पार्टी लगातार क्षीण हो रही हो तो उसे जरा ठहर कर अपने विचार और व्यवहार पर शांति से पुनर्विचार करने की आवश्यकता महसूस होनी चाहिए। रायपुर के महाधिवेशन से भी अगर इसी प्रकार का स्वर निकले तो इसे क्या कहा जाएगा? जिस तरह से राहुल गांधी सहित कांग्रेस के नेता वक्तव्य दे रहे हैं उनका निष्कर्ष यही है कि वा अपने व्यवहार पर पुनर्विचार की आवश्यकता नहीं महसूस करते।

पवन खेड़ा कभी दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के सहयोगी रहे होंगे पर इस समय वे कांग्रेस की राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं। उन्हें सोनिया गांधी परिवार का करीबी भी माना जाता है। अगर वे प्रधानमंत्री का नाम लेते समय अपमानजनक लहजे में पिता का नाम लेते हैं और व्यंग्य मुस्कान बिखेरते हैं तो यह सामान्य स्थिति नहीं है। हालांकि असम पुलिस द्वारा उन्हें हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए जाने के बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से निचले न्यायालय ने त्वरित जमानत भी दे दी। किंतु इससे प्रधानमंत्री मोदी को लेकर कांग्रेस के अस्वीकार्य वक्तव्य और इनकी राजनीतिक परिस्थितियों का मुद्दा समाप्त नहीं हो जाता। आप देख लीजिए, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता किस तरह श्मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगा रहे थे। प्रधानमंत्री ने नेताओं के इस बयान पर मेघालय की चुनाव सभा में प्रतिक्रिया दी और कहा कि विपक्ष के लोग मेरी कब्र खोदना चाहते हैं, जबकि जनता मुझे समर्थन दे रही है।

मोदी विरोधी यह टिप्पणी कर सकते हैं कि प्रधानमंत्री ने जानबूझकर इसे चुनावी मुद्दा बनाने की रणनीति अपनाई। प्रश्न है कि यह अवसर दिया किसने? आप प्रधानमंत्री की कब्र खोदने का नारा लगाएं और वो इसे मुद्दा न बनाएं यह संभव है? इसी तरह पवन खेड़ा के विरुद्ध मुकदमा एवं पुलिस कार्रवाई पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया वही पुरानी है कि लोकतंत्र खत्म कर दिया, मोदी हिटलर का रूप है, फासिस्टवादी है आदि-आदि। हालांकि यह मानने का कोई कारण नहीं है प्रधानमंत्री मोदी के पिताजी का नाम घृणित व अपमानजनक लहजे में लेने पर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश और असम में मुकदमा करने तथा पुलिस कार्रवाई का निर्देश दिया होगा। ऐसे मामलों में मुकदमा और पुलिस द्वारा गिरफ्तारी आदि की ओर अग्रसर होना ही नहीं चाहिए। राजनीति में विचार का मुकाबला विचार से। किंतु प्रधानमंत्री के समर्थकों के अंदर इससे गुस्सा पैदा हुआ होगा और प्राथमिकियां दर्ज कर दीं गई। इसमें अस्वाभाविक जैसा कुछ नहीं है। निश्चित रूप से असम सरकार में भी किसी को गुस्सा आया होगा और सबक सिखाने के लिए पुलिस ने कार्रवाई की। वैसे भी पवन खेड़ा ने पहले दामोदर दास जी की जगह गौतम दास नाम लिया और बाद में फिर कुटिल मुस्कान टेड़ते हुए पूछा कि क्या है दामोदरदास.और सरी बोला। पूरा देश समझ रहा था कि वह गौतम अडाणी शब्द का प्रयोग करने की जगह गौतम दास बोले। राजनीति में इससे शर्मनाक पतन का उदाहरण और क्या हो सकता है?

भाजपा के देशभर के कार्यकर्ताओं के अंदर आक्रोश पैदा हुआ और वे कांग्रेसियों पर हमला करने लगे तो क्या होगा? इस दृष्टि से देखें तो पुलिस में की गई शिकायत निराधार नहीं लगेगा। इसके पहले प्रधानमंत्री के विरुद्ध कांग्रेस और अन्य विरोधियों की ओर से इतनी गंदी, अपमानजनक और घृणित टिप्पणियां हो चुकी हैं कि विश्लेषण में एक अच्छी-खासी पुस्तक तैयार हो जाएगी। हैरत की बात है कि लगातार इस आचरण से राजनीतिक क्षति उठाते हुए भी कांग्रेस के नेता सुधार करने के लिए तैयार नहीं है। पिछले गुजरात चुनाव में ही हमने देखा कि रावण, भस्मासुर, मोदी को औकात दिखा देंगे जैसे बयानों ने मतदाताओं में नाराजगी पैदा की और भाजपा रिकर्ड मत एवं सीट पाने में सफल रही तथा कांग्रेस ने न्यूनतम मत एवं सीटों का रिकर्ड बनाया।


पिछले लोक सभा चुनाव में राहुल गांधी द्वारा राफेल मुद्दे पर श्चौकीदार चोर है के नारे ने भी ऐसी ही कांग्रेस विरोधी और मोदी के समर्थन में वायुमंडल को घनीभूत किया। आप 2002 से लेकर 2024 तक के अलग-अलग चुनावों में कांग्रेस नेताओं द्वारा व्यक्त शब्दावलियों के प्रभावों का विश्लेषण करें तो निष्कर्ष यही आएगा कि उन्होंने तय कर लिया है कि हम नहीं सुधरेंगे। राहुल ने बार-बार दावा किया कि भाजपा तो नफरत बढ़ती है और हम मोहब्बत बांट रहे हैं।

क्या इसे मोहब्बत की भाषा कहेंगे? मोदी पर की गई अपमानजनक टिप्पणियों से कांग्रेस को कितनी चुनावी क्षति पूर्व में हुई और आगे होगी यह विषय तो महवपूर्ण है ही किंतु यह इससे आगे का विषय भी है। किसी के पास जब विचार नहीं होते तो वह व्यक्तिगत हमले करता है। राहुल गांधी या कांग्रेस के नेता भले कहें कि वे भाजपा और संघ से वैचारिक लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन उनकी भाषा में वैचारिकता की जगह व्यक्तिगत हमले और उसके लिए भी निम्न स्तर की शब्दावली ही लगातार सामने आई हैं। यह कांग्रेस के भविष्य की दृष्टि से ज्यादा चिंताजनक है। कांग्रेस के नेता यदि पिछले दो दशकों में नरेन्द्र मोदी के प्रति अपने आचरण में बदलाव लाने में सफल नहीं हुए तो न चाहते हुए भी कहना पड़ेगा की पार्टी घोर विचारहीनता या वैचारिक स्तर पर दिशा भ्रम का शिकार हो चुकी है।

2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव में स्वयं राहुल गांधी ने कहा था कि हम प्रधानमंत्री के विरुद्ध निजी टिप्पणी नहीं करेंगे क्योंकि प्रधानमंत्री का पद सम्माननीय है। उन्हीं राहुल गांधी ने 2018 से चौकीदार चोर है का नारा लगवाना शुरू कर दिया। साफ है कि कांग्रेस के अंदर संदेश यही था कि राहुल गांधी का वक्तव्य तात्कालिक रणनीति के तहत था मोदी के प्रति हमें अपना रवैया पूर्व की भांति ही बनाए रखनी है।

तभी मणिशंकर अय्यर ने उसी चुनाव के बीच कह दिया कि यह नीच किस्म का आदमी है। पवन खेड़ा में उसी व्यवहार में एक निंदनीय अध्याय भर जोड़ा है। जब मोदी का संबंध किसी लड़की के साथ जोडने और साहेब कह कर इसका संदेश देने जैसे निम्न स्तरीय आचरण से गुरेज नहीं हुआ और कभी इसे गलती के रूप में माना नहीं गया तो आगे यह बंद हो जाएगा इसकी कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए यह मान कर चलिए कि कांग्रेस के नेता आगे फिर ऐसी टिप्पणियां करेंगे।

## चेहरे पर लगाएं संतरे के ये फेस पैक, त्वचा संबंधित समस्याएं होंगी दूर



संतरे में आवश्यक विटामिन और खनिजों के साथ-साथ एंटी-अक्सीडेंट की भरपूर मात्रा मौजूद होती है, जो त्वचा की देखभाल करने में काफी मदद कर सकते हैं। अगर आप संतरे के फेस पैक का इस्तेमाल करते हैं, तो ये त्वचा को हाइड्रेट करने और मुलायम बनाने वाले एजेंट के रूप में कार्य करते हैं। आइए, आज हम आपको 5 संतरे के फेस पैक बनाने के तरीके बताते हैं, जिनका इस्तेमाल त्वचा की समस्याओं से टुटकारा दिलाने में प्रभावी हो सकता है।

**संतरे और पपीते का फेस पैक**

सबसे पहले 1 कटोरी में आधे संतरे का गूदा और थोड़ा पका पपीता चम्मच से मैश करें और इसे अपनी उंगलियों या ब्रश से चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे 15-20 मिनट तक लगा रहने दें, फिर अपने चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। इस पैक को आप हर 2 दिन में 1 बार लगा सकते हैं। यह फेस पैक काले घेरे को हल्का करने के साथ चेहरे पर चमक ला सकता है।

**संतरे और केले का फेस पैक**

इसके लिए 1 केले और 1 संतरे के गूदे को मिलाकर को इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर चेहरे को गर्म पानी से धो लें और इसे तौलिए से सुखाकर इस पर मइस्चराइजर लगा लें। इस पैक को आप हर 2 दिन में 1 बार लगा सकते हैं। यह फेस पैक चेहरे की सूजन को कम करने और मुंहासों को दूर करने में मदद कर सकता है।

**संतरे और नीम का फेस पैक**

सबसे पहले एक कटोरी में संतरे के गूदे और नीम के पत्तों का पेस्ट बराबर मात्रा में मिलाएं, फिर इसमें 1 बड़ी चम्मच सोया दूध मिलाकर इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं। इसे 15-20 मिनट तक लगा रहने दें, फिर धीरे-धीरे ठंडे पानी से चेहरे को धो लें। इस पैक को आप हफ्ते में 3-4 बार लगा सकते हैं। यह फेस पैक त्वचा के सीबम उत्पादन को नियंत्रित करके तरोताजा रखने में मदद कर सकता है।

**बेसन और संतरे का फेस पैक**

इसके लिए 1 कटोरी में 1 बड़ी चम्मच बेसन पाउडर और 2 बड़ी चम्मच संतरे का रस मिलाकर दानेदार पेस्ट बना लें, फिर इसे चेहरे पर लगाएं और एक बार जब यह सूख जाए, तो चेहरे को रुई से पोंछकर साफ कर लें। इस फेस पैक को हफ्ते में 2 बार लगाएं। यह फेस पैक चेहरे के पीएच स्तर का संतुलन बनाए रखते हुए चेहरे को साफ करता है। यह त्वचा की पिगमेंटेशन को भी कम कर सकता है।

**ग्रीन टी और संतरे का फेस पैक**

सबसे पहले एक कटोरी में ग्रीन टी की पत्तियां और संतरे का गूदा मिलाएं और इसे चेहरे पर लगाएं, फिर जब फेस पैक सूख जाए तो चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। इस फेस पैक को आप हर 2 दिन में 1 बार इस्तेमाल कर सकते हैं। यह फेस पैक त्वचा को एक्सफोलिएट करता है और चेहरे से अतिरिक्त तेल को हटाने में भी मदद कर सकता है।

## प्रशांत किशोर और सिब्बल की एक जैसी सोच!

कपिल सिब्बल इंसाफ के सिपाही बन गए हैं। वे कई बरसों से एक अलग कांग्रेस बनाने की कोशिश कर रहे थे। सबकी कांग्रेस या अपनी कांग्रेस नाम से पार्टी बनाने का प्रयास भी उन्होंने किया था। गुलाम नबी आजाद को आगे करके सिब्बल ने कांग्रेस के भीतर जी-23 बनाने का काफी हद तक सफल प्रयास किया। अब उन्होंने इंसाफ के सिपाही नाम से वेबसाइट बनाई है और देश के सभी विपक्षी मुख्यमंत्रियों से साथ आने की अपील की है। उन्होंने यह वेबसाइट अन्याय के खिलाफ लडने और सबको इंसाफ दिलाने के मकसद से शुरू की है। लेकिन असली बात कुछ और है। वे इस भ्रम का शिकार हो गए हैं कि सभी विपक्षी पार्टियां मुकदमे में फंसी हैं और वे उनमें से ज्यादातर के वकील हैं तो वे उन सबके नेता भी बन सकते हैं।

इस तरह का भ्रम कोई नई बात नहीं है। उनसे पहले चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर इसी तरह के भ्रम का शिकार हुए। उनको लगा कि वे सभी पार्टियों को चुनाव लड़वाते और जितवाते हैं तो वे खुद भी नेता बन सकते हैं। वे चाहते थे कि जितनी पार्टियों को उन्होंने चुनाव लड़वाए वे उनको अपना नेता मान लें।

लेकिन किसी ने नहीं माना तो वे पदयात्रा कर रहे हैं। उसी तरह सिब्बल चाहते हैं कि जितनी प्रादेशिक पार्टियों के नेताओं के वे मुकदमे लड़ते हैं वो उनको अपना नेता मान लें। उनका यह भ्रम अपनी वकालत के कारण बना है। इसका दूसरा कारण यह है कि वे कांग्रेस से सांसद बने, राजद के समर्थन से सांसद बने, अब समाजवादी पार्टी के समर्थन से बने हैं तो उनको लग रहा है कि वे सर्वदलीय नेता हैं और अपने आप उनका अधिकार बनता है कि वे विपक्ष के नेता बनें। लेकिन असल में वे नेता नहीं बन पाएंगे। वे वकील हैं और केंद्रीय एजेंसियों की जांच में फंसे नेताओं की पैरवी करते रहेंगे। उसके लिए सबको उनकी जरूरत है लेकिन नेता के तौर पर उनकी जरूरत किसी को नहीं है।

# महिला उड़ान को पंख देता डिजीटल क्रांति

**डा. अमिता**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन देश-दुनिया के बड़े हिस्से में लंबे समय से किया जा रहा है। किंतु, इसे अधिकांश जगहों पर एक दिवसीय उत्सव मात्र समझ कर ही मनाया जाता है। ऐसे उत्सवों में भी महिलाओं को थाली और ट्रे हाथ में थमाकर मुख्य अतिथियों के आतिथ्य में तैनात कर दिया जाता है और पुरूष आराम से दर्शक दीर्घा में बैठकर तालियां बजाते नजर आते हैं। ऐसी कई जेंडर असमानतायें घर की चारदीवारी से लेकर बाहरी दुनिया तक बहुत ही आसानी से देखने को मिल जाती है। जिन महिलाओं को अक्सर घर का वित्तमंत्री कहकर संबोधित किया जाता है, उन्हीं महिलाओं को किसी संस्था अथवा सरकार में तमाम ऐसी जिम्मेदारियों को देने से बचा जाता रहा है। लेकिन इस सरकार ने पहली बार यह सिद्ध कर दिया कि महिलाओं को यदि ऐसी जिम्मेदारियां भी दी जायें तो वे इसका पूरी कुशलता से निर्वहन कर सकती हैं। इसी प्रकार रक्षामंत्री और विदेशमंत्री जैसे प्रभार भी प्रथम बार इसी सरकार में किसी महिला को दी गई। महिलाओं ने प्रारंभ से ही ऐसे कई इतिहास रचे हैं, जो सदैव याद किए जायेंगे और उन्होंने यह इतिहास किसी के खैरात से नहीं बल्कि अपनी योग्यता और क्षमता के बल पर रची है। किंतु, आज भी इनकी योग्यता और क्षमता को निरंतर दरकिनार किया जा रहा है और इसे जेंडर गैप रिपोर्ट से आसानी से समझा जा सकता है।

महिला दिवस महिलाओं के मान-सम्मान और सामाजिक समानता का द्योतक है। यह सदियों से चली आ रही गुलामी से रिहाई का प्रतीक है, जहां महिलाओं को पैर की जूती समझा जाता था। आज देश-दुनिया में शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र है, जहां महिलाओं ने अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज की है। आकाश से लेकर पाताल तक हर जगह वे अपना परचम लहरा रही हैं। किंतु, आज भी समाज में जेंडर गैप बहुत अधिक है। महिलाओं द्वारा 24ङ्क7 अनपेड वर्क किए जाने के बावजूद उन्हें घर-बाहर वह सम्मान और अधिकार नहीं मिल पाता, जिसकी वे हकदार हैं। रिपोर्ट तो यहां तक बताते हैं कि आज भी कई महिलायें ऐसी हैं, जिन्होंने घर के



**वर्तमान सरकार ने देश में डिजिटल क्रांति की प्रकिया में जिस प्रकार की तेजी लायी है, वह किसी कल्पना से कम नहीं है। खासतौर, से कोरोना के बाद डिजिटलीकरण में जो तीव्रता आयी है, वह अद्भूत है। इसने न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था को बदला है, बल्कि जेंडर गैप को भी पाटने में अहम् भूमिका निभायी है। डिजिटल प्रौद्योगिकी के माध्यम से अन्वेषण, रोजगार, शिक्षा आदि के क्षेत्रों में अहम् बदलाव देखने को मिला है। साथ ही डिजिटलीकरण और उसके लाभों को निचले स्तर तक ले जाने और पहुंचाने पर जोर दिया है जो मुख्यधारा के समाज से या तो दूर हैं या फिर उन्हें सदियों से दबाया जाता रहा है। इस कड़ी में महिलाओं को हम सबसे पहले देख सकते हैं, जिन्हें आधी आबादी का हिस्सा तो माना जाता है, लेकिन आधिपत्य आज भी पुरूषों का ही है। ऐसे में तकनीक अथवा डिजिटल साक्षरता के माध्यम से महिलायें अपने जीवन में क्रांतिकारी बदलाव ला सकेंगी।**

दहलीज से बाहर कभी कदम ही नहीं रखा। किंतु, पुरूषों के साथ ऐसा किसी समाज में नहीं होता है। महिलाओं को अपने पति, परिवार, बेटे, भाई के लिए ही जीने की सीख हमारी संसति देती रही है, जिसमें औरत अपने बारे में सोचना भूल जाती है। यह जेंडर असमानता ही महिलाओं के जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप है।

इस गैप को कम करने के उद्देश्य से ही इस बार का अंतराराष्ट्रीय महिला दिवस का थीम डिजिटलरू लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि तकनीक ने हमें सक्षम बनाया है। जीवन को सरल और सुलभ बनाया है। लेकिन इसने महिलाओं को जो सामर्थ्य दिया है, वह उल्लेखनीय है। हैरानी तो तब हुई जब एक शोध कार्य के दौरान मैंने पाया कि सोशल मीडिया के माध्यम से बस्तर जैसे वनक्षेत्रों में बैठी महिलायें देश के अलग-अलग हिस्सों में व्यापार करने की कोशिश कर रही हैं। वे अपनी शिक्षा और जीवन के स्तर को इंटरनेट के माध्यम से बेहतर बना रही हैं। कुछ समय पहले तक यह किसी सपने से कम नहीं था। यह डिजिटल साक्षरता और नवाचार की संकल्पना से ही साकार हो पाया है।

वर्तमान सरकार ने देश में डिजिटल क्रांति की प्रकिया में जिस प्रकार की तेजी लायी है, वह किसी कल्पना से कम नहीं है। खासतौर, से कोरोना के बाद डिजिटलीकरण में जो तीव्रता आयी है, वह अद्भूत है। इसने न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था को बदला है, बल्कि जेंडर गैप को भी पाटने में अहम् भूमिका निभायी है। डिजिटल प्रौद्योगिकी के माध्यम से अन्वेषण, रोजगार, शिक्षा आदि के क्षेत्रों में अहम् बदलाव देखने को मिला है। साथ ही डिजिटलीकरण और उसके लाभों को निचले स्तर तक ले जाने और पहुंचाने पर जोर दिया है जो मुख्यधारा के समाज से या तो दूर हैं या फिर उन्हें सदियों से दबाया जाता रहा है। इस कड़ी में महिलाओं को हम सबसे पहले देख सकते हैं, जिन्हें आधी आबादी का हिस्सा तो माना जाता है, लेकिन आधिपत्य आज भी पुरूषों का ही है। ऐसे में तकनीक अथवा डिजिटल साक्षरता के माध्यम से महिलायें अपने जीवन में क्रांतिकारी बदलाव ला सकेंगी।

डिजिटल योजनाएं देश की शिक्षा प्रणाली में भी क्रांति ला रही हैं। श्स्वयंम,श्ई-पाठशाला, नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी आदि के माध्यम से महिलायें घर बैठे शिक्षित हो रही हैं। ये डिजीटल पहल उन महिलाओं तक शिक्षा पहुंचा रही है, जो घर से बाहर नहीं जा सकती या फिर दुर्गम क्षेत्रों में निवास करती हैं। इसके माध्यम से महिला-पुरूष के उस अंतर को पाटा जा रहा है, जो सदियों से व्याप्त रहा है। जिन छोटे-बड़े कामों के लिए महिलाओं की पुरूषों पर निर्भरता होती थी, उसे डिजिटल लिटरेसी और तकनीक ने बहुत ही आसानी से कमोबेश समाप्त कर दिया है। आज दूर-दराज के क्षेत्रों में भी बैठी महिलायें तकनीक के सहयोग से देश-दुनिया में रोजगार कर रही हैं। अपने कौशल से आत्मनिर्भर बन रही हैं। साथ ही सदियों से व्याप्त पुरूषवादी मानसिकता पर भी चोट कर रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ किए गए श्निर्भय ऐप और श्हिम्मत ऐप एप्लीकेशन का इस्तेमाल वे अपनी सुरक्षा के लिए कर रही हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्तएम्ब्रेसइक्विटी की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने की है जिसका अर्थ है समानता को अपनाना। इस कैंपेन के जरिए संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि महिलाओं को कार्यस्थल और समाज में पुरुषों के जितना ही सम्मान और अवसर दिया जाए क्योंकि आज भी जेंडर असमानता के कारण महिलाओं को कार्यस्थल पर पुरूषों की तुलना में हीन भावना से देखा जाता है। अब वह समय आ गया है, जब महिलायें इस बात को समझें कि वे जब तक अपनी इज्जत नहीं करेंगी, अपनी क्षमता को नहीं पहचानेंगी, तब तक वे महिला दिवस के वास्तविक उद्देश्यों से वंचित ही रहेंगी।

**(लेखिका स्वतंत्र लेखक एवं शिक्षाविद बिलासपुर, छत्तीसगढ़ हैं (ये लेखक के अपने विचार है)**

# नई दुनियां की हकीकत

**वह दौर अब गुजर चुका है। आर्थिक से लेकर कूटनीतिक गुटबंदी तक में अब दुनिया दो भागों में बंट रही है। क्वाड इस बंटती दुनिया में बना मंच है, जिसकी रणनीतिक दिशा स्पष्ट है। यही बात ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे समूहों पर भी लागू होती है। भारत की मुश्किल यह है कि वह इन दोनों ध्रुवों पर अपनी प्रभाव-शाली भूमिका चाहता है।**

जी-20 उस दौर में बना था, जब अमेरिका दुनिया में एकमात्र ध्रुव था और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को अपने हितों के मुताबिक संचालित करने में वह सक्षम था। अब बात बदल चुकी है।

नई दिल्ली में गुजरे हफ्ते हुई कूटनीतिक घटनाओं ने यह साफ कर दिया कि गुजरे दौर में बने मंच अप्रासंगिक हो रहे हैं। जबकि नए दौर में बने मंचों का प्रभाव बढ़ रहा है। सिर्फ विदेश मंत्रियों की जी-20 और क्वाड की बैठकों पर गौर करें, तो यह जाहिर हो जाता है। जी-20 के मंच पर कोई सार्थक बातचीत नहीं हो पाई। उलटे यह पश्चिमी देशों और रूस-चीन के लिए एक दूसरे को खरी-खोटी सुनाने का मौका बन कर रह गया। जबकि क्वाड्रैंगुलर सिक्युरिटी डायलग (क्वाड) के विदेश मंत्रियों की बैठक में विचारों और मकसद की समानता नजर आई और यह बात उनकी तरफ से जारी साझा बयान में भी झलकी। इस अंतर का कारण यह है कि जी-20 उस दौर में बना था, जब अमेरिका दुनिया में एकमात्र ध्रुव था और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को अपने हितों के मुताबिक संचालित करने में वह सक्षम था। जी-20 अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मिल-जुल कर चलाने लिए बनाया गया था। इस अर्थव्यवस्था का स्वरूप पश्चिम प्रेरित भूमंडलीकरण था।

वह दौर अब गुजर चुका है। आर्थिक से लेकर कूटनीतिक गुटबंदी तक में अब दुनिया दो भागों में बंट रही है। क्वाड इस बंटती दुनिया में बना मंच है, जिसकी रणनीतिक दिशा स्पष्ट है। यही बात ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे समूहों पर भी लागू होती है। भारत की मुश्किल यह है कि वह इन दोनों ध्रुवों पर अपनी प्रभावशाली भूमिका चाहता है। चूंकि दोनों गुट भारत की अहमियत को समझते हैं, इसलिए अब तक भारत की यह रणनीति कारगर रही है। लेकिन यह भूमिका खरहे के साथ दौडने और शिकारी कुत्ते के साथ मिल कर शिकार करने जैसी है, जिसकी एक सीमा होती है। जी-20 की मेजबानी करते हुए भारतीय अधिकारियों को जरूर इस बात का अहसास हुआ होगा। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस अपील का कोई असर नहीं हुआ कि मौजूद देश असहमति को भूल कर सहमति के बिंदुओं पर आगे बढ़ें।

बल्कि इस दौरान उनकी इस बात की पुष्टि ही हुई कि विश्व संचालन की पुरानी संस्थाएं नाकाम हो गई हैं। तो अब यह भारत को तय करना है कि वह दीर्घकालिक लिहाज से किन नई उभर रहीं मंचों के साथ जुड़ेगा।

## अमेरिका और दक्षिण कोरिया को किम जोंग उन की बहन की धमकी, कहा- जल्द दोनों देशों के खिलाफ

**सियोल , एजेंसी।** अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया द्वारा अपने नियमित सैन्य अभ्यासों का विस्तार किए जाने के उत्तर कोरिया में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने चेतावनी दी कि उनका देश इन दोनों देशों के खिलाफ श्शीघ्र एवं अत्यंत उग्र कदम उठाएगा।

इससे एक दिन पहले अमेरिका ने दक्षिण कोरियाई युद्धक विमानों के साथ संयुक्त अभ्यास के तहत कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बी-52 बमवर्षक विमान उड़ाया था। अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई सेनाएं इस महीने के अंत में अपने सबसे बड़े श्फील्ड अभ्यास को भी फिर शुरू करने की तैयारी कर रही हैं।

सरकारी मीडिया के अनुसार, किम यो जोंग ने एक बयान में कहा, श्हमारी नजरें अमेरिकी बलों और कठपुतली की तरह काम करने वाली दक्षिण कोरियाई सेना द्वारा बेचौनी में उठाए जाने वाले सैन्य कदमों पर लगातार बनी हुई हैं और हम अपनी समझ के अनुसार किसी भी समय उचित, शीघ्र एवं अत्यंत उग्र कदम उठाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

उन्होंने यह नहीं बताया कि उत्तर कोरिया क्या कदम उठाएगा, लेकिन उनका देश अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के जवाब में आम तौर पर मिसाइल परीक्षण करता रहा है। उत्तर कोरिया दोनों देशों के सैन्य अभ्यासों को आक्रमण के पूर्वाभ्यास के रूप में देखता है।

## इराक में बम विस्फोट में 5 की मौत

**बगदाद , एजेंसी।** इराक के पूर्वी प्रांत दियाला में बम विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी। दियाला पुलिस के मेजर अला अल-सादी ने बताया कि इराक की राजधानी बगदाद से 100 किमी उत्तर-पूर्व में मकददियाह शहर के बाहर एक सोमवार शाम सड़क किनारे खड़ी एक कार में बम में विस्फोट हो गया।

इराकी सुरक्षा बलों ने इलाके को सील कर दिया और घटना की जांच शुरू कर दी है। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। 2017 में देश भर में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के चरमपंथी आतंकवादियों की हार के बाद सुरक्षा स्थिति में सुधार के बावजूद छिटपुट हमले अभी भी इराक को परेशान करते रहे हैं।

## अमेरिका में विमान हादसा, भारतीय मूल की महिला की मौत, बेटी घायल

**न्यूयार्क , एजेंसी।** भारतीय मूल की एक महिला की न्यूयर्क क्षेत्र में एक छोटे विमान दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि उसकी बेटी घायल हो गई। यह जानकारी मीडिया ने दी। रोमा गुप्ता (63) की रविवार को उस समय मौत हो गई, जब चार सीटों वाला सिंगल-इंजन पाइपर चेरोकी विमान लन्ग आइलैंड पर रिपब्लिक एयरपोर्ट पर लौटते समय आग की लपटों में घिर गया था, जहां से उसने उड़ान भी भरी थी।

उनकी 33 वर्षीय बेटी रीवा गुप्ता और पायलट गंभीर रूप से झुलस गए। डैनी वाइजमैन फ्लाइट स्कूल के वकील ओलेह डेकाजलो ने चौनल को बताया, यह एक प्रदर्शन उड़ान था।

लिंडेनहर्स्ट के एक रिहायशी इलाके में हुई दुर्घटना में विमान एक खेत में गिर पड़ा। हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। ऐसा प्रतीत होता है कि पायलट ने विमान को रिहायसी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त होने से रोकने के लिए पूरी कोशिश की।

रीवा गुप्ता माउंट सिनाई हस्पिटल सिस्टम के साथ एक न्यूरोसर्जरी चिकित्सक की सहायक हैं। रीवा गुप्ता और उनके परिवार की मदद के लिए मंगलवार शाम तक लगभग 70 हजार डलर एकत्रित गया।

# आफताब ने जैसी धमकी दी, श्रद्धा के साथ वैसा ही किया, दिल्ली पुलिस के कोर्ट में कई खुलासे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के महरौली में हुए श्रद्धा वलकर हत्याकांड में पुलिस ने कई खुलासे किए हैं। पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में हत्याकांड के आरोपों पर दलील दी कि आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने वैसे ही अपराध किया है, जैसे श्रद्धा ने आफताब के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस को शिकायत थी। आरोपी ने श्रद्धा वालकर का गला घोंटकर हत्या करने के बाद 35 टुकड़े कर दिए थे।

दिल्ली पुलिस की ओर से पेश विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) अमित प्रसाद ने मंगलवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष अपनी दलीलें रखीं।

उन्होंने कहा कि श्रद्धा ने महाराष्ट्र की बसई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आफताब ने उसका गला घोंट कर और उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर देने की धमकी दी थी। आरोपी ने दिल्ली के महरौली में वारदात को इसी तरह अंजाम दिया था। एसपीपी ने कहा कि 18 मई, 2022 को वारदात को अंजाम देने के करीब छह महीने बाद मामला सामने आया था। इसके बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपी आफताब को गिरफ्तार कर किया था। एसपीपी प्रसाद ने अदालत को आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ चार्जशीट में मौजूद सबूतों और सामग्री से भी अवगत कराया।उन्होंने कहा कि श्रद्धा और आफताब मुंबई के तीन घरों में एक साथ रहे थे। हर जगह का एक रेंट एग्रीमेंट और उससे जुड़ा एक गवाह होता है। उनके रिश्ते को देखते हुए यह महत्वपूर्ण है।

श्रद्धा और आफताब ने एक साथ काम किया था, जिसके गवाह उनके सहकर्मी भी हैं। उनका रिश्ता मजबूत था। श्रद्धा ने महाराष्ट्र पुलिस में जो शिकायत दर्ज कराई है, उससे यह साफ हो गया है। उसने आरोप लगाया था कि आज उसने मुझे धमकी दी कि वह मुझे गला घोंटकर मार देगा, मेरे टुकड़े-टुकड़े कर सकता है।

एक-दूसरे के साथ मतभेदों के बावजूद दोनों से साथ में रहना जारी रखा और अपने रिश्ते को सुधारने की कोशिश की। श्रद्धा ने एक चिकित्सा सेवा एप के जरिए मनोवैज्ञानिक परामर्श लिया गया। एसपीपी ने कहा कि उन्होंने अपने संबंध सुधारने के लिए उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की भी यात्रा की।एसपीपी ने यह भी कहा कि आफताब का किराए का घर एक रणनीतिक स्थान पर था, जहां से पूरा छतरपुर पहाड़ी क्षेत्र दिखाई देता था। वे इस आवास में एक साथ रहते थे। श्रद्धा गुरुग्राम गई और अपनी दोस्त से मिली। वह 18 मई को दोपहर 2 बजे वापस लौटी। एक अटो चालक ने उसे घर तक छोड़ा था। दिल्ली पुलिस ने पूरे स्थान की गई मैपिंग की जमा कर लिया।दिल्ली पुलिस ने अदालत को आगे बताया कि उन्होंने उनके पड़ोसियों से भी जानकारी इकट्ठा की, जिन्होंने दोनों के बीच कई बार विवाद होता देखा था। कई बार तो श्रद्धा घर छोड़कर चली गई थी। एक बार पड़ोसी ने उसे खींच लिया और वापस ले गया। इसके बाद सब कुछ खामोश हो गया। इसके बाद किसी ने उसे देखा या उससे बात नहीं की।

दिल्ली पुलिस ने यह भी कहा कि हत्या के तुरंत बाद श्रद्धा और आफताब के बैंक खातों में अनलाइन लेनदेन हुआ। शाम करीब 06रू40 से 06रू42 बजे के बीच श्रद्धा के खाते से पूरी रकम निकाल ली गई और आफताब के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी गई। जो करीब 54 हजार रुपये थे।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि कल डिटेल रिकार्ड से पता चलता है कि श्रद्धा के एक दोस्त ने एक बार फोन किया था, जिसका कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद आफताब ने फोन किया और कहा कि श्रद्धा व्यस्त हैं। इससे पता चलता है कि श्रद्धा का फोन उनके पास था। उस फोन पर और कोई कल नहीं आई थी।दिल्ली पुलिस ने यह भी कहा कि आफताब ने 18 मई, 2022 को एक आरी, चपर, कचरा पेटी और कुछ अन्य सामान खरीदा। 19 मई को उसने एक डबल-डोर रेफ्रिजरेटर खरीदा और अपने क्रेडिट कार्ड से भुगतान किया। उसने श्रद्धा के खाते से 250 रुपये में फ्रिज के लिए स्टैंड भी खरीदा। इससे पता चलता है कि वह श्रद्धा का फोन इस्तेमाल कर रहा था। दिल्ली पुलिस ने कहा कि श्रद्धा के जीवित होने का बहाना बनाने के लिए उसने सोशल मीडिया पर कई लोगों के साथ कई बार चौट की।

पुलिस को जांच के दौरान हड्डियां, जबड़ा समेत अन्य साक्ष्य बरामद हुए थे। हड्डियों और जबड़ों का डीएनए श्रद्धा के पिता से मैच कर गया।

श्रद्धा की हत्या करने के बाद वह किसी और लड़की के साथ संबंध में आ गया. उसने अपनी नई प्रेमिका को एक अंगूठी दी, जो श्रद्धा की थी। इसकी पहचान कुछ लोगों ने की। एसपीपी ने यह भी कहा कि इस मामले में गवाहों के बयान और सबूतों की बरामद्गी हुई है।कोर्ट ने आरोप पर आंशिक बहस सुनने के बाद मामले को 20 मार्च तक के लिए टाल दिया। अदालत ने एसपीपी द्वारा दायर सिनप्सिस को भी रिकर्ड में लिया और सिनोप्सिस का जवाब दाखिल करने के लिए कानूनी सहायता वकील जावेद हुसैन को समय दिया। शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता सीमा कुशवाहा भी पेश हुईं

**लालू यादव से सीबीआई पूछताछ को लेकर बवाल पर भाजपा का सवाल**

# भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच क्यों न हो?



**नई दिल्ली/पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से सीबीआई की पूछताछ को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को जदयू और राजद पर निशाना साधा। भाजपा ने सवाल करते हुए कहा कि अगर भ्रष्टाचार के आरोप हैं तो उनकी जांच क्यों नहीं होनी चाहिए?

वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि साल 2017 में नीतीश कुमार ने लालू यादव का साथ इस वजह छोड़ दिया था, क्योंकि उन्हें इन घोटालों से जुड़े सवालों का जवाब नहीं मिल रहा था। प्रसाद ने सवाल किया कि क्या भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का जवाब दिया जाना चाहिए या नहीं?

रविशंकर प्रसाद ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज जब इन घोटालों को लेकर चार्जशीट दाखिल हो चुकी है और जांच चल रही है तो फिर अब पछताना क्यों?

उन्होंने आगे कहा कि यह मामला कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान का है। जब चारा घोटाले के संबंध में लालू यादव के खिलाफ जनहित याचिकाएं दायर की गई थीं।इनमें से एक भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने दाखिल की थी। दूसरी जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ध्ल्लन सिंह ने दाखिल की थी, जिनके पीटे उस समय नीतीश कुमार का समर्थन था।

भाजपा नेता प्रसाद ने कहा कि लालू प्रसाद यादव को चार घोटाले के चार मामलों में दोषी ठहराया गया था और कुछ मामलों में अपील लंबित है। उस समय भी यह आरोप लगाए गए थे कि भाजपा के लोग बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं।इस दौरान रविशंकर प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नीतीश बाबू को खुद को बिहार का श्सुशासन बाबूश कहना बंद करना चाहिए। उन्होंने जिस तरह से बिहार को बदहाली की ओर धकेला है, जनता जल्द ही इसके बदले में उन्हें सबक सिखाएगी।

# पूर्वोत्तर के राज्यों को मार्च 2023 में जोड़ेगी भारत गौरव पर्यटक रेलगाड़ी

**नार्थ ईस्ट डिस्कवरी रू बियण्ड गुवाहाटी विशेष टूर मार्च 2023 में दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शुरू होगा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेलवे ने भारत गौरव एसी टूरिस्ट रेलगाड़ी द्वारा भारत के कम-ज्ञात पूर्वोत्तर राज्यों को कवर करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए टूर नार्थ ईस्ट डिस्कवरी रू बियण्ड गुवाहाटी को संचालित करने का निर्णय लिया है । यह टूरिस्ट रेलगाड़ी 21 मार्च 2023 को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करके अपने 15 दिनों के टूर में असम में गुवाहाटी, शिवसागर, जोरहाट और काजीरंगा, त्रिपुरा में उनाकोटि, अगरतला और उदयपुर, नागालैण्ड में दीमापुर और कोहिमा और मेघालय में शिलांग और चेरापूंजी को कवर करेगी ।

14 रातों और 15 दिनों के इस टूर में रेलगाड़ी का पहला ठहराव गुवाहाटी होगा जहां पर्यटक कामाख्या मंदिर के दर्शन और ब्रहमपुत्र नदी में सूर्यास्त के समय नौका विहार का आनंद उठाएंगे । रात्रिलीन सफर पूरा करने के बाद यह रेलगाड़ी अगले गंतव्य अरूणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर से 30 किलोमीटर की दूरी पर नाहर लागुन रेलवे स्टेशन पहुंचेगी । इसके बाद रेलगाड़ी असम के पूर्वोत्तर में अहोम साम्राज्य की प्राचीन राजधानी शिवसागर पहुंचेगी । टूर में विरासत के अन्य स्थलों के साथ-साथ शिवसागर, शिवडोल स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर भी शामिल है । इसके बाद जोरबाग स्थित चाय के बागानों की सैर तथा काजीरंगा में रात्रिकालीन विश्राम के पश्चात् पर्यटकों को काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में तड़के सफारी का कार्यक्रम होगा ।इसके बाद डीलक्स वातानुकूलित पर्यटक रेलगाड़ी फुरकातिंग रेलवे स्टेशन से त्रिपुरा राज्य के लिए रवाना होगी जहां पर्यटक उनाकोटि के प्रसिद्ध धरोहर स्थल तथा अगरतला के साथ-साथ प्रसिद्ध उज्ज्यन्ता पैलेस का भ्रमण करेंगे । अगले दिन के यात्रा भ्रमण में उदयपुर में नीरमहल पैलेस और त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर का दौरा होगा ।त्रिपुरा के बाद यह रेलगाड़ी नगालैण्ड राज्य के दौरे पर दीमापुर के लिए रवाना होगी । पर्यटक सुबह के समय अपनी सीटों से ही बदरपुर स्टेशन और लुमडिंग जं0 के बीच सुन्दर दृश्यावली का आनंद उठाएंगे । पर्यटकों को दीमापुर रेलवे स्टेशन से बसों द्वारा कोहिमा ले जाया जाएगा जहां वे नगा जीवन को करीब से अनुभव करने के लिए खोनोमा गांव के भ्रमण सहित स्थानीय स्थलों का दौरा करेंगे । इस रेलगाड़ी का अगला ठहराव गुवाहाटी रेलवे स्टेशन होगा वहां से पर्यटकों को सड़क मार्ग द्वारा मेघालय की राजधानी शिलांग ले जाया जाएगा । वहां रास्ते में शानदार उमियन झील के पास भी अल्प ठहराव होगा । अगले दिन की शुरूआत पूर्वी खासी हिल्स में बसे चेरापूंजी के भ्रमण से होगी। दिन के दर्शनीय स्थलों में शिलांग पीक, एलीदें ट फल्स, नवखलिकाई फल्स और मावसरमाई गुफाएं शामिल हैं । चेरापूंजी से पर्यटकों को वापस गुवाहाटी स्टेशन लाया जाएगा ताकि वे दिल्ली की वापसी रेल यात्रा कर सकें। इस पूरे रेल यात्रा भ्रमण में अतिथियों को लगभग 5800 किलोमीटर की रेल यात्रा कराई जाएगी । इस पर्यटक रेलगाड़ी में पर्यटक दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़, टुण्डला, इटावा, कानपुर, लखनऊ और वाराणसी रेलवे स्टेशन से भी सवार हो सकेंगे ।आधुनिक डीलक्स एसी रेलगाड़ी में दो शानदार रेस्तरां एक आधुनिक रसोईघर, कोचों में शावर क्युबिल्स, सेंसर आधरित शौचालय सुविधाएं, फुट मसाजर व एक लघु पुस्तकालय सहित अनेक सुविधाएं होगी । पूर्णतया वातानुकूलित रेलगाड़ी में सीसीटीवी कैमरे, इलैक्ट्रनिक तिजोरियां और प्रत्येक कोच के लिए अलग से सुरक्षा गार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं ।

# हमारा गुमनाम लोकतंत्र जिंदाबाद

**चुनावी बान्ड को लेकर चिदंबरम का कटाक्ष**

**नईदिल्ली,, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने चुनावी बन्ड के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी को मिले चंदे का उल्लेख करते हुए मंगलवार को दावा किया कि यह चंदा और इसकी एवज में लाभ गोपनीय तरीके से दिया और लिया जाता है। पूर्व वित्त मंत्री ने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि हमारा गुमनाम लोकतंत्र जिंदाबाद।

उन्होंने ट्वीट किया, अब तक 12,000 करोड़ रुपये की कीमत के चुनावी बन्ड बिके हैं। इनका ज्यादातर हिस्सा कारोबारी समूहों ने खरीदा और भाजपा को गुपचुप तरीके से चंदा दे दिया।

कांग्रेस नेता ने कहा, कारोबारी समूह गैर-पारदर्शी चुनावी बन्ड व्यवस्था के जरिये चंदा देने के लिए आतुर क्यों हैं? करपोरेट समूह चुनावी बन्ड के जरिये चंदा इसलिए नहीं देते कि वे लोकतंत्र से प्यार करते हैं। करपोरेट चंदा उन लाभ का आभार जताने का एक माध्यम होता है, जो उन्हें अतीत के वर्षों में मिले हैं।

चिदंबरम ने कटाक्ष करते हुए कहा, यह स्पष्ट समझौता है। लाभ गुपचुप ढंग से पहुंचाए जाते हैं। इनाम भी गोपनीय तरीके से मिलता है। हमारा गुमनाम लोकतंत्र जिंदाबाद।

# आर्थिक गतिविधियों में बढ़ रही है महिलाओं की भागीदारी




**नई दिल्ली , एजेंसी।** आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने के साथ ही महिलाएं अब खुलकर लोन ले रही है और लोन लेने वालों की कुल संख्या में उनकी हिस्सेदारी भी बढ़ती जा रही है। ट्रांसयूनियन सिबिल की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में 63 करोड़ महिलाओं ने लोन लिया और लोन लेने वालों में उनकी हिस्सेदारी 28 फीसद हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच सालों में महिला लोनधारकों की संख्या में सालाना 15 फीसद से बढ़ोतरी दर्ज की गई है जबकि पुरुष लोनधारकों की संख्या में इस अवधि में 13 फीसद की बढ़ोतरी रही।

रिपोर्ट के मुताबिक महिलाएं अपने सिबिल स्कोर को लेकर भी काफी सजग रहती है और महिलाओं को लोन देना पुरुषों के मुकाबले कम जोखिम वाला होता है। अपना कारोबार शुरू करने के लिए भी महिलाएं काफी लोन ले रही है। वर्ष 2017 से वर्ष 2022 के बीच बिजनेस लोन लेने वाली महिलाओं की संख्या में 12 फीसद का इजाफा देखा गया।

इस अवधि में मकान खरीदने के लिए लोन लेने वाले महिलाओं की संख्या में छह फीसद की बढ़ोतरी रही। रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण इलाके और छोटे शहरों की महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में अधिक सक्रिय दिख रही है। तभी बड़े शहरों के मुकाबले ग्रामीण व छोटे शहरों की महिलाएं अधिक लोन ले रही है।

ट्रांसयूनियन सिबिल की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2017 से लेकर वर्ष 2022 की अवधि में ग्रामीण व छोटे शहरों में महिलाओं की तरफ से लोन लेने की बढ़ोतरी दर सालाना 18 फीसद की रही जबकि बड़े शहरों की महिलाओं की तरफ से लिए जाने वाले लोन की बढ़ोतरी दर 14 फीसद रही।

लोन लेने के मामले में बिहार, पश्चिम बंगाल व राजस्थान की महिलाएं अन्य राज्यों की तुलना में आगे हैं। ट्रांसयूनियन सिबिल की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में पहली बार लोन लेने वाली महिलाओं ने सबसे अधिक कृषि लोन या फिर टीवी, फ्रिज जैसे सामान खरीदने के लिए लोन लिया।

लोन लेने के साथ महिलाएं अपनी वित्तीय सुरक्षा के इंतजाम के लिए भी सजग दिख रही है। पलिसी बाजार के मुताबिक हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने वालों की संख्या फिलहाल बड़े शहरों में अधिक है, लेकिन छोटे शहरों में भी महिलाएं हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने में दिलचस्पी ले रही है। पलिसी बाजार के आंकड़ों के मुताबिक हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने वाली महिलाओं में टियर-1 शहरों की महिलाओं की संख्या 57 प्रतिशत, टियर-2 की संख्या 20 प्रतिशत और टियर-3 की

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के लिए सरकार ने जारी की गाइडलाइन

**नईदिल्ली,, एजेंर्सी ।** सोशल मीडिया प्लेटफर्म किसी प्रोडक्ट का प्रचार करने को लेकर सरकार ने सख्ती दिखाई है। अब कोई सेलिब्रिटी या इन्फ्लुएंसर जो किसी प्रोडक्ट को सोशल मीडिया पर इंडर्स करेंगे उन्हें सावधानी बरतनी होगी।

मिनिस्ट्री अफ कंज्यूमर अफेयर्स, फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन के तहत डिपार्टमेंट अफ कंज्यूमर अफेयर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफर्म पर सेलिब्रिटी, इन्फ्लुएंसर और वर्चुअल इन्फ्लुएंसर्स के लिए गाइडलाइन जारी किया है। सरकार ने ये गाइडलाइंस इस उद्देश्य से जारी कि है कि कि किसी भी उत्पाद या सेवाओं का विज्ञापन करने वाले सेलेब्रेटी या इंफ्लूएंर्स दर्शकों को गुमराह न करें और वे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और किसी भी संबंधित नियमों या गाइडलाइन के कंप्लायंस में हों।

गाइडलाइन के मुताबिक, एंडोर्समेंट सरल और स्पष्ट भाषा में किया जाना चाहिए, और विज्ञापन, स्पन्सर्ड, सहयोग या पेड प्रोमोशन जैसे शब्दों का उपयोग किया जा सकता है.इंडिविजुएल को किसी भी प्रोडक्ट या सर्विस को एंडोर्स नहीं करना चाहिए जिसका उन्होंने व्यक्तिगत रूप से उपयोग या अनुभव नहीं किया है या जिसमें उनके द्वारा उचित परिश्रम नहीं किया गया है।साथ ही मौजूदा समय में किस प्रकार की साझेदारी के लिए किस डिस्क्लेमर शब्द का उपयोग किया जाए, इसे लेकर भ्रम की स्थिति है। इसलिए, पेड या बार्टर ब्रांड एंडोर्समेंट के लिए इनमें से किसी भी डिक्लेमर किए जाने वाले शब्द- विज्ञापन, ऐड, स्पन्सर्ड, सहयोग, या पार्टनरशिप का उपयोग किया जा सकता है, हालांकि, शब्द को हैशटैग या हेडलाइन टेक्स्ट के रूप में दर्शाया जाना चाहिए। गाइडलाइन के अनुसार, व्यक्तियों या समूहों के पास दर्शकों तक पहुंच है और इन्फ्लुएंसर और सेलिब्रिटी के अधिकार, ज्ञान, स्थिति या रिश्ते के कारण किसी उत्पाद, सेवा, ब्रांड या अनुभव के बारे में अपने दर्शकों के खरीदारी के फैसले या राय को प्रभावित करने की शक्ति है, जिसके बारे में उन्हें अपने दर्शकों के साथ, खुलासा करना चाहिए।डिस्क्लेमर संदेश में इस तरह से रखा जाना चाहिए जो स्पष्ट, प्रमुख और याद करने में पूरी तरह से उचित हो। खुलासे को हैशटैग या लिंक के समूह के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए. किसी तस्वीर में एंडोर्समेंट के लिए डिस्क्लेमर को छवि पर पर्याप्त रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए ताकि दर्शक उसे नोटिस कर सकें। किसी वीडियो या लाइव स्ट्रीम में एंडोर्समेंट के लिए डिस्क्लेमर अडियो और वीडियो दोनों रूप में किया जाना चाहिए और पूरी स्ट्रीम के दौरान लगातार और प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

## होली पर 491 फेरे लगाएंगी 196 विशेष ट्रेन

**नईदिल्ली, एजेंसी ।** होली के त्योहार के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा और भीड़ कम करने के लिए 196 विशेष ट्रेन 491 फेरे लगाएंगी।

रेलवे के अनुसार, विशेष ट्रेन देशभर के महत्वपूर्ण गंतव्यों को जोड़ेंगी।

रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा, होली के त्योहार के मौके पर रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए भारतीय रेलवे 196 विशेष ट्रेन के 491 फेरे चला रहा है।

बयान के मुताबिक, देशभर के प्रमुख स्थलों जैसे दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची, नयी दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जयपुर-बांद्रा टर्मिनस, पुणे-दानापुर आदि को जोडने के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाएंगी।

# बरेली जेल में चल रहा था अशरफ का सिक्का, यहीं रची गई उमेश पाल हत्याकांड की साजिश, सिपाही समेत दो गिरफ्तार



**बरेली, एजेंसी।** बरेली जिला जेल में माफिया अतीक अहमद के भाई पूर्व विधायक अशरफ की सल्तनत चल रही थी। अमर उजाला ने जो खबरें प्रकाशित कीं, एसटीएफ के इनपुट पर एसएसपी अखिलेश चौरसिया की टीम ने उस पर बड़ी कार्रवाई की।

बिथरी चौनपुर थाना पुलिस ने जेल में अलग जगह अशरफ से मुलाकात कराने के आरोप में जेल के आरक्षी शिवहरि अवस्थी और जेल में सब्जी व अन्य सामान मुहैया कराने वाले नन्हे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं इनके समेत अशरफ और उससे मुलाकात करने वाले गुर्गों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दो मोबाइल और 3920 रूपये भी आरोपियों से बरामद किए हैं।11 फरवरी को एनकाउंटर में मारे गए शूटर विजय चौधरी ने गुलाम और गुड्डू मुस्लिम के साथ बरेली जेल जाकर अशरफ से मुलाकात की थी। बरेली जेल का जेल वार्डर शिव हरी अवस्थी समेत दो गिरफ्तार अन्य कर्मचारियों व अफसरों पर भी एफआईआर दर्ज की गई।

## संगमा ने दूसरी बार मेघालय के मुख्यमंत्री के तौर पर ली शपथ

**शिलांग, , एजेंसी ।** नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेता कोनराड के. संगमा ने मंगलवार को दूसरी बार मेघालय के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की। संगमा के साथ 11 विधायकों ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के तौर पर शपथ ली। एनपीपी के प्रेस्टोन तिनसोंग और स्नियाभलंग धार ने उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली, जो सत्ता में आए गठबंधन में क्षेत्रीय दल की ताकत को रेखांकित करता है।

मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान ने एनपीपी के सात अन्य विधायकों, यूनाइडेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के दो विधायकों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचएसपीडीपी) के एक-एक विधायक को राजभवन में मंत्रिमंडल में सदस्यों के रूप में गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# मैथ्यूज के ऑलराउंड खेल से मुंबई की आरसीबी पर आसान जीत

मुंबई, हेली मैथ्यूज के ऑलराउंड खेल और नैट साइवर ब्रंट की आकर्षक पारी की मदद से मुंबई इंडियंस ने सोमवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को 34 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 टूर्नामेंट में अपना धमाकेदार प्रदर्शन जारी रखा।अपने पहले मैच में गुजरात जायंट्स को 143 रन से हराने वाले मुंबई के सामने 156 रन का लक्ष्य था और उसने 14.2 ओवर में एक विकेट पर 159 रन बनाकर इसे बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



मैथ्यूज ने 38 गेंदों पर 13 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 77 रन बनाए जबकि साइवर ब्रंट ने 29 गेंदों पर नाबाद 55 रन की पारी खेली जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल है। इन दोनों ने केवल 54 गेंदों पर 114 रन की अटूट साझेदारी की।इससे पहले आरसीबी के अधिकतर बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की लेकिन उनमें से कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल पाया और उसकी पूरी टीम 18.4 ओवर में 155 रन पर आउट हो गई। आरसीबी अगर चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंच पाया तो उसका श्रेय निचले क्रम के बल्लेबाजों रिचा घोष (28), कनिका आहूजा (22), श्रेयंका पाटिल (23) और मेगान शट (20) को जाता है।

मुंबई की तरफ से ऑफ स्पिनर मैथ्यूज ने 26 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें सैका इशाक (26 रन देकर दो) और अमेलिया केर ( 30 रन देकर दो) का अच्छा साथ मिला।

मुंबई में शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया। मैथ्यूज के साथ यास्तिका भाटिया ( 19 गेंदों पर 23 रन) ने भी कुछ करारे शॉट जमाए और पहले विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की।प्रीति बोस ने यास्तिका को पगबाधा आउट किया लेकिन इसका मैथ्यूज पर कोई असर नहीं पड़ा जिन्होंने मेगान शट पर लगातार दो चौके जमाए और फिर 26 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। साइवर ब्रंट ने श्रेयंका का स्वागत तीन चौकों से किया।श्रेयंका जब अपना दूसरा ओवर करने आई तो इन दोनों ने उसमें 20 रन बटोरे। साइवर ब्रंट ने एलिस पैरी पर लगातार दो चौके जमा कर अपना अर्धशतक पूरा करने के साथ ही टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। आरसीबी की यह लगातार दूसरी हार है। उसे पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से 60 रन से हार का सामना करना पड़ा था। स्मृति मंधाना (17 गेंदों पर 23 रन, पांच चौके) ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद सोफी डिवाइन (11 गेंदों पर 16 रन, दो चौके, एक छक्का) के साथ पहले विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी करके आरसीबी को तेजतर्रार शुरुआत दिलाई, लेकिन इसके बाद उसने आठ गेंदों के अंदर चार विकेट गंवा दिए। मुंबई की पिछले मैच में गुजरात जायंट्स के खिलाफ जीत में 11 रन देकर चार विकेट लेने वाली बाएं हाथ की स्पिनर सैका इशाक ने डिवाइन को सीमा रेखा पर कैच कराने के बाद दिशा कसाट को बोल्ड किया। हेली मैथ्यूज ने अगले ओवर में मंधाना और हीथर नाइट को लगातार गेंदों पर आउट करके आरसीबी का स्कोर चार विकेट पर 43 रन कर दिया। एलिस पेरी (सात गेंदों पर 13 रन) ने रिचा के साथ मिलकर कुछ करारे शॉट जमाए लेकिन तेजी से रन चुराने के प्रयास में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर रन आउट हो गई। रचा ने कनिका आहूजा के साथ छठे विकेट के लिए 34 रन की साझेदारी की। कनिका ने पूजा वस्त्राकर की गेंद पर विकेटकीपर को कैच देने से पहले 13 गेंदों पर 22 रन बनाए जिसमें तीन चौके और अमेलिया केर पर लगाया गया दर्शनीय छक्का शामिल है। आरसीबी का दारोमदार रिचा पर था लेकिन मैथ्यूज ने अपने दूसरे स्पेल इस आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज को पवेलियन की राह दिखा दी। रिचा ने अपनी 26 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। श्रेयंका पाटिल ने 15 गेंदों पर चार चौके जडक़र अपनी बल्लेबाजी क्षमता का परिचय दिया। उन्होंने आउट होने से पहले मेगान के साथ 34 रन की उपयोगी साझेदारी की। केर ने रेणुका सिंह और मेगान को आउट करके आरसीबी की पारी का अंत किया।

# जब तक फिट है, लियोन को खेलते रहना चाहिये: हसी



अहमदाबाद, आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज माइक हसी का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में माइक हसी का इतने समय से खेलते आना अद्भुत है और वह जब तक फिट है, उसे खेलना जारी रखना चाहिये ।

पैतीस वर्ष के लियोन ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में नागपुर में पहले टेस्ट में एक ही विकेट लिया लेकिन अगले दो टेस्ट में 18 विकेट चटकाये जिनमें से दस इंदौर टेस्ट में लिये ।यह पूछने पर कि लियोन कब तक खेल सकते हैं, हसी ने कहा , जब तक वह चाहे । वह इतने समय से खेल रहा है जो अद्भुत है । वह अभी भी युवा है और जब तक शरीर साथ दे, उसे खेलते रहना चाहिये ।

उन्होंने कहा , ऐसा कहा जाता है कि स्पिनर तीस पार करने के बाद अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में होते हैं ।यह कठिन कला है और मुझे लगता है कि वह लंबे समय तक खेल सकता है ।

आस्ट्रेलिया और भारत के बीच चौथा और आखिरी टेस्ट नौ मार्च से शुरू होगा ।

हसी ने कहा कि अगर आस्ट्रेलिया दो विशेषज्ञ स्पिनरों के साथ उतरता है तो लियोन के साथ बायें हाथ के स्पिनर मैट कुन्हेमन को जगह मिलनी चाहिये ।

## सितारों से भरी मुंबई इंडियंस टीम में मुझे स्वाभाविक खेल दिखाने की छूट : मैथ्यूज



मुंबई, मुंबई इंडियंस की सलामी बल्लेबाज हीली मैथ्यूज का कहना है कि उनकी टीम की बल्लेबाजी में गहराई होने की वजह से उन्हें अपना स्वाभाविक खेल दिखाने में मदद मिल रही है ।

बारबाडोस की इस बल्लेबाज ने गुजरात जाइंट्स के खिलाफ पहले मैच में 31 गेंद में 47 रन बनाये और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर क खिलाफ 38 गेंद में 77 रन की नाबाद पारी खेली ।उन्होंने जीत के बाद कहा , हमारी टीम में कई सितारे हैं । इससे मुझे शीर्ष क्रम पर खुलकर खेलने की सहूलियत मिल जाती है ।उन्होंने कहा , पिछले कुछ सप्ताह वेस्टइंडीज के लिये खेलते हुए मैने अपनी बल्लेबाजी पर काफी मेहनत की है और बड़े स्कोर बनाये हैं । मैने उसी लय को कायम रखने की कोशिश की । यहां की विकेट दक्षिण अफ्रीका से काफी बेहतर है जिससे बहुत मदद मिली । मेरा आत्मविश्वास भी बढा है ।मैथ्यूज ने कहा कि ब्रेबोर्न स्टेडियम जैसी पिच पर 175 या 180 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है ।उन्होंने कहा , यह बल्लेबाजी के लिये अच्छी विकेट है जिस पर 170 से 180 रन बनाये जा सकते हैं । हमारी बल्लेबाजी में गहराई है । मैं और नैट ( स्किवेर ब्रंट ) यह काम बखूबी कर सकते हैं ।वहीं आरसीबी के मुख्य कोच बेन स्वायेर ने स्वीकार किया कि भारत के घरेलू खिलाडिय़ों के लिये चुनौती आसान नहीं है । आरसीबी ने स्मृति मंधाना, रिचा घोष और एलिसे पेरी पर काफी खर्च किया है ।

### अबुधाबी टी10 लीग का सातवां सत्र 28 नवंबर से

अबुधाबी, अबुधाबी टी10 लीग का सातवां सत्र यहां 28 नवंबर से नौ दिसंबर के बीच शेख जायेद स्टेडियम पर खेला जायेगा । पिछले साल डेक्कन ग्लैडिएटर्स ने लगातार दूसरी बार खिताब जीता था ।

अबुधाबी क्रिकेट एंड स्पोटर्स हब के सीईओ मैट बाउचर ने यहां जारी एक बयान में कहा , पिछले सत्र में बेहतरीन खिलाडिय़ों ने भाग लिया और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिये यह काफी रोमांचक टूर्नामेंट रहा । हम आगे भी विश्व क्रिकेट को शानदार क्रिकेट की सौगात देते रहेंगे ।

टी10 लीग के अध्यक्ष शाजी उल मुल्क ने कहा , पिछले साल अबुधाबी टी10 क्रिकेट और मनोरंजन का अच्छा मिश्रण हा । इसमें अमेरिका की दो नयी टीमों ने भाग लिया और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कोच और खिलाड़ी इसका हिस्सा रहे । अगला सत्र भी ऐसा ही शानदार रहने की उम्मीद है ।

# बल्लेबाजों के लिये दुस्वप्न साबित हुई बीजीटी, फॉर्म में लौटेंगे कोहली : पोंटिंग



दुबई, आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी बल्लेबाजों के लिये दुस्वप्न साबित हुई है और इसमें प्रदर्शन के आधार पर वह विराट कोहली के फॉर्म का आकलन नहीं करेंगे ।

पिछली 14 पारियों में अर्धशतक नहीं बना सके कोहली ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट में 111 रन ही बनाये हैं लेकिन पोंटिंग इससे चिंतित नहीं हैं ।

उन्होंने कहा, मैं इस श्रृंखला में किसी बल्लेबाज के फॉर्म को नहीं देख रहा हूं क्योंकि बल्लेबाजों के लिये यह श्रृंखला किसी बुरे सपने की तरह रही है ।

उन्होंने कहा , जहां तक विराट की बात है तो मैं बार बार कहता आया हूं कि चैम्पियन खिलाड़ी हमेशा रास्ता निकाल लेते हैं । ऐसा लग रहा होगा कि इस समय वह खराब फॉर्म में है और रन नहीं बना रहा क्योंकि हम सभी उससे रनों की अपेक्षा करते हैं ।

उन्होंने कहा , वह यथार्थवादी भी है । बल्लेबाज को खुद पता होता है कि कब उसका फॉर्म खराब है और उससे रन नहीं बन रहे । किसी और को उसे बताने की जरूरत नहीं होती । कोहली को लेकर मैं चिंतित नहीं हूं क्योंकि मुझे पता है कि वह फॉर्म में लौटेगा ।

एशेज श्रृंखला के लिये कई बार इंग्लैंड में खेल चुके पोंटिंग को पता है कि जून में वहां हालात उपमहाद्वीप के हालात से बिल्कुल अलग होंगे ।सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने वाले बल्लेबाजों में तीसरे स्थान पर काबिज पोंटिंग ने कहा कि भारत अगर जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिये क्वालीफाई करता है तो उसे अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव पर विचार करना चाहिये ।

उन्होंने कहा , केएल राहुल जैसा खिलाड़ी टीम से बाहर है और शुभमन गिल खेल रहा है । दोनों को टेस्ट खेलने का अनुभव है और इन दोनों को एक ही टीम में उतारा जा सकता है ।

गिल को तीसरे टेस्ट में राहुल पर तरजीह दी गई जो पहले दो टेस्ट की तीन पारियों में 38 रन ही बना सके । राहुल हालांकि इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके हैं और पोंटिंग का मानना है कि ओवल पर उन्हें और गिल दोनों को उतारा जा सकता है । उन्होंने कहा , शुभमन पारी की शुरूआत कर सकता है और राहुल मध्यक्रम में खेल सकता है । वह इंग्लैंड में पहले भी क्रिकेट खेल चुका है । यह एक ही टेस्ट है तो टीम का चयन काफी महत्वपूर्ण होगा ।

## फिल्मी सफर

# फिल्म भोला का ट्रेलर रिलीज, महादेव की भस्म लगाकर बुराई का नाश करने आए अजय देवगन

अजय देवगन पिछली बार फिल्म दृश्यम 2 में नजर आए थे और एक बार फिर उन्होंने अपने धाकड़ अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया था। इसके बाद उन्होंने अगली फिल्म भोला का ऐलान किया था। इस फिल्म की घोषणा होने के बाद से ही इसे लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर था। अब आखिरकार फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसकी राह खासतौर पर उनके प्रशंसक बड़ी बेसब्री से देख रहे थे।

अजय ने ट्रेलर की जानकारी इंस्टाग्राम पर देते हुए लिखा, लड़ाइयां हौसलों से जीती जाती हैं, संख्या, बल या हथियारों से नहीं। इसमें अजय के जबरदस्त एक्शन सीन देखने को मिल रहे हैं, वहीं पुलिस अफसर बनीं तब्बू भी अपना दमखम दिखा रही हैं। फिल्म एक्शन, ड्रामा और एडवेंचर से भरपूर है। अजय माथे पर महाकाल की भस्म लगाकर दुश्मनों को सबक सिखाते और बुराई का सर्वनाश करते दिख रहे हैं। भोला एक धमाकेदार एक्शन फिल्म होने वाली है।

फिल्म का ट्रेलर 3डी फॉर्मेट में आइमैक्स सिनेमाघरों में रिलीज हुआ है और इसके लिए अजय और भोला की पूरी टीम ने खूब मेहनत की। फिल्म का पहला टीजर अजय ने 3डी में लॉन्च किया था। फिल्म का दूसरा टीजर भी वह 3डी फॉर्मेट




में ही रिलीज करना चाह रहे थे, लेकिन कुछ तकनीकी समस्या के कारण ऐसा हो नहीं सका। अजय ने तभी कहा था कि कुछ भी हो जाए, ट्रेलर तो वह 3डी फॉर्मेट में ही रिलीज करेंगे।

भोला सुपरहिट तमिल फिल्म कैथी का हिंदी रीमेक है, जिसे उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि में बनाया गया है। कैथी में साउथ सुपरस्टार कार्थी शिवकुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म को लोकेश कनगराज ने निर्देशित किया था। 2019 में आई इस क्राइम थ्रिलर फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। भोला में अजय के साथ तब्बू मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म अजय देवगन फिल्म्स बैनर तले बनी है। भोला 30 मार्च, 2023 को 3डी में रिलीज होगी।

खास बात है कि अजय ने इस फिल्म में अभिनेता के अलावा बतौर निर्देशक भी काम किया है। यह उनके निर्देशन में बनी चौथी फिल्म है। इससे पहले अजय यू मी और हम, शिवाय और रनवे 34 जैसी तीन फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।

अजय फिल्म मैदान में नजर आएंगे। इसमें वह फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाएंगे, जिन्होंने 1962 में कैंसर से जूझते हुए देश को गोल्ड मेडल दिलाया था। इसके अलावा अजय को फिल्म रेड 2 में देखा जाएगा। जल्द ही वह इसकी भी शूटिंग शुरू करने वाले हैं। अजय फिल्म सिंघम अगेन को लेकर भी चर्चा में हैं, जिसके लिए एक बार फिर उन्होंने निर्देशक रोहित शेट्टी से हाथ मिलाया है।

# राम गोपाल वर्मा ने हिंदी फिल्म उद्योग में क्रांति ला दी हैः मनोज बाजपेयी



हाल ही में रिलीज हुई स्ट्रीमिंग फिल्म गुलमोहर की सराहना कर रहे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी अपने सत्या के निर्देशक राम गोपाल वर्मा का काफी सम्मान करते हैं। एक्टर ने कहा कि हिंदी फिल्म उद्योग में आरजीवी के प्रवेश ने इसकी गतिशीलता को बदल दिया है और हिंदी फिल्म उद्योग में फिल्में कैसे बनाई जाती हैं।

पोडकास्ट में रणवीर अल्लाहबदिया से बात करते हुए मनोज ने कहा, राम गोपाल वर्मा ने सत्या, कंपनी, शिवा या सरकार जैसी फिल्में बनायी। उन्होंने कई निर्देशक, एक्टर्स और टेक्नीशियन की एक पूरी पीढ़ी दी, उन्होंने हिंदी सिनेमा में क्रांति ला दी। ऐसा काम केवल वही कर सकता है जो ठोकर खाकर फिर से खड़ा हो गया हो।

उनके पास काफी साहस है। मनोज ने यह भी खुलासा किया कि वह जीवन या आधुनिक रिश्तों के प्रति ध्ष्टिकोण जैसी कुछ बातों पर आरजीवी से असहमत हो सकते हैं लेकिन उन्हें हमेशा उनकी बात सुनना मनोरंजक लगता है। आरजीवी और उनके गैंग्स ऑफ वासेपुर के निर्देशक अनुराग कश्यप, जिन्होंने सत्या की पटकथा का सह–लेखन किया है, के बीच समानताएं बताते हुए मनोज ने कहाः वे दोनों मनमौजी हैं और दोनों बच्चों की तरह हैं और इसीलिए वे महान फिल्म निर्माता हैं।

# महेश बाबू की एसएसएमबी 28 में हुई भूमि पेडनेकर की एंट्री !!

टॉलीवुड सुपरस्टार महेश बाबू अपनी अपनी फिल्म एसएसएमबी 28 को लेकर बिजी हैं। इस फिल्म को अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म अला वैकुंठपुरमलो के निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास बना रहे हैं। फिल्म को लेकर पहले से ही खासा बज है। इस फिल्म की शूटिंग के 2 शिड्यूल पूरे भी हो चुके हैं। इधर, फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। फिल्मी हलकों में चर्चा थी कि सुपरस्टार महेश बाबू की फिल्म एसएसएमबी 28 में अदाकारा भूमि पेडनेकर की एंट्री हो सकती है। इसके बाद से ही साउथ सिनेमा में इस बात को लेकर काफी बज है। हैरानी इस बात की है कि सुपरस्टार



महेश बाबू किसी बॉलीवुड एक्ट्रेस के साथ काम नहीं करना पसंद करते। ऐसे में भूमि पेडनेकर की एंट्री की खबर को लेकर साउथ सिनेमा में बज क्रिएट हो गया।

रिपोर्ट्स थीं कि महेश बाबू स्टारर फिल्म एसएसएमबी 28 में श्रीलीला को सेकेंड लीड एक्ट्रेस के तौर पर साइन किया गया था। जबकि लीड रोल में अदाकारा पूजा हेगड़े हैं। ऐसे में फिल्म को लेकर फैंस के बीच अभी से ही भारी क्रेज है।

इस बीच खबर सामने आई है कि फिल्म में एक और अदाकारा के लिए जगह है। जिसके लिए भूमि पेडनेकर को अप्रोच किया गया है। फिल्म में उनका एक छोटा किरदार होगा। मगर अब ताजा जानकारी के मुताबिक ऐसा नहीं होने वाला है।

# जान्हवी कपूर ने किया अपने तेलुगू डेब्यू का ऐलान, फिल्म एनटीआर30 से फर्स्ट लुक जारी

जान्हवी कपूर अपने 26वां जन्मदिन की खास मौके पर तेलुगू डेब्यू का ऐलान किया है। वह जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म एनटीआर 30 में नजर आएंगी। जान्हवी ने फिल्म से अपना फर्स्ट लुक भी साझा किया है। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा की है, जिसके कैप्शन में जान्हवी ने लिखा, यह आखिरकार हो रहा है। मेरे पसंदीदा जूनियर एनटीआर के साथ यात्रा शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।इस फिल्म का निर्देशन दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने–माने निर्देशक कोराताला शिवा कर रहे हैं। वह पिछले 6 महीने से इसके लिए अभिनेत्री की तलाश कर रहे थे और कई नामों पर विचार करने के बाद उन्होंने जान्हवी को साइन किया। यह फिल्म तेलुगु के साथ तमिल, मलयालम और हिंदी समेत कई भाषाओं में रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 23 फरवरी से फिल्म की



शूटिंग शुरू हो गई है और फिल्म 2024 में दर्शकों के बीच आएगी।जाह्नवी कपूर ने एक बार अपने इंटरव्यू में जूनियर एनटीआर के साथ काम करने की अपनी ख्वाहिश का जिक्रकिया था, तभी से ये चर्चा थी कि एक्ट्रेस जल्द ही साउथ सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं. हालांकि उनके पिता बोनी कपूर ने इन तमाम खबरों को सिरे से खारिज कर दिया था कि उनकी बेटी जाह्नवी कपूर कोई साउथ फिल्म साइन करने नहीं जा रही हैं. खैर अब जाह्नवी ने ही एनटीआर 30 से अपना फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर कर इस बात की ऑफिशियल घोषणा कर दी है कि वो साउथ सिनेमा में डेब्यू करने के साथ, जूनियर एनटीआर के साथ स्क्रीन शेयर करने जा रही हैं. जाह्नवी ने इस पोस्ट के साथ अपनी एक्साइटमेंट का भी जिक्रकैप्शन में कर दिया है.बता दें, जाह्नवी कपूर जल्द ही राणा दग्गुबाती के साथ वेब सीरीज राणा नायडू में भी नजर आने वाली हैं. नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली इस सीरीज का हाल ही में एक टीजर रिलीज हुआ था जिसमें ये खुलासा हुआ की जाह्नवी इस वेब सीरीज में अहम रोल प्ले करने जा रही हैं.

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com